


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 15 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-168 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**जम्मू कश्मीर, 15 सितंबर।** अनंतनाग जिले में आतंकियों से मुठभेड़ में एक और जवान के शहीद होने की खबर सामने आई है. शहीद जवान का शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है, सेना शव की तलाश कर रही है। यह एनकाउंटर बुधवार से चल रहा है। इससे पहले बुधवार को हुए एनकाउंटर में सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के कुल 3 जवान शहीद हुए थे। शहीद होने वालों में 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और डीएसपी हुमायूं भट्ट हैं। वहीं मुठभेड़ वाले इलाके में एक स्थानीय आतंकी उजैर खान और एक पाकिस्तानी आतंकी के होनों की जम्मू कश्मीर पुलिस ने पुष्टि की है। आशंका जताई जा रही है कि यह एनकाउंटर लंबा चलेगा और खबर यह भी है कि सुरक्षाबलों ने एक और आतंकी को मार गिराया है।

### यात्री ट्रेन में आग, स्टेशन में अफरा-तफरी का माहौल

**इंदौर, 15 सितंबर।** रतलाम रेल मंडल के जेकोट स्टेशन पर शुक्रवार को दोपहर में ट्रेन में भीषण आग लग गई। इससे लोग दहशत में आ गए। आग लगते ही समय रहते सभी यात्राओं को बोगी से बाहर निकाल लिया गया था। अन्यथा बड़ी जन हानि हो सकती थी। खबर लिखे जाने तक आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे थे। रतलाम रेल मंडल के जेकोट स्टेशन पर शुक्रवार को दोपहर में ट्रेन में भीषण आग लग गई। इससे लोग दहशत में आ गए। आग लगते ही समय रहते सभी यात्राओं को बोगी से बाहर निकाल लिया गया था। अन्यथा बड़ी जन हानि हो सकती थी। खबर लिखे जाने तक आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे थे। रतलाम जिले के जेकोट स्टेशन पर शुक्रवार को मेमू ट्रेन ट्रेन 09350 में भीषण आग लग गई। आग की लपटे और धुआं कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था। आग ट्रेन के पीछे वाली बोगी में लगी थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आग की शुरुआत इंजन के करी पावर बैट्री डिब्बे में लगी थी।

घटना के बाद रेलवे के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आग अन्य डिब्बों तक नहीं पहुंच जाए, इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

घटना करीब 1.15 बजे की बताई जा रही है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। खबर लिखे तक जेकोट स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल था। बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी स्टेशन पर पहुंच गए थे।

# प्रदेश के नदी-नाले उफान पर

**रायपुर,15 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बीते तीन दिनों से छत्तीसगढ़ के एक कोने से दूसरे कोने तक हो रही मूसलाधार बारिश से प्रदेश के तमाम नदी-नाले उफान पर हैं. वहीं शहर से लेकर गांवों में बारिश के पानी के घरों, दुकानों और स्कूलों में घुसने से आम जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है. यहां तक रायपुर के कई जगहों पर लोगों के पानी फंसे होने पर रेस्क्यू करने के लिए एसडीआरएफ की टीम को लगाना पड़ा है. शुरुआत करें राजधानी रायपुर से तो भारी बारिश के बाद धनेली नाला और सेजबहार इलाके में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया. कमर तक पहुंच गए जल स्तर के बीच फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाना पड़ा. टीम में शामिल जवानों ने घरों में फंसे लोगों को नाव में बिठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया.

**इसी तरह बिलासपुर** में भी लगातार भारी बारिश की वजह से जगह-जगह जलभराव की खबर आ रही है. सिरगिट्टी स्थित शासकीय हाई स्कूल में लबालब पानी भर गया है, जिसकी वजह से बच्चों की छुट्टी करने की नौबत आ गई. बेमेतरा जिले में भी भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है. जिले के तमाम नदी-नाले उफान पर हैं. इसके साथ ही शिवनाथ नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है. नगर पंचायत नवागढ़ में मोहरंगिया नाला के उफान में आने से बस स्टैंड में पानी भर गया है.

**कवर्धा जिले** का भी बारिश की वजह से हाल-बेहाल है. लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जिले भर में नदी-नाले उफान पर है. वहीं बारिश ने नगरपालिका प्रशासन के सफाई को दावे को फेल करार दिया है. शहर के कई वार्ड तालाब में तब्दील हो गए हैं, वहीं निचली बस्तियों में रहने वालों के घरों में बारिश का पानी घुस गया है, जिससे गरीबों के दैनिक उपयोगी की सामग्री तक खराब हो गई है.

**पंडरिया में** भी हरी नाला उफान पर है, जिसकी वजह से नेशनल हाइवे 130 (बिलासपुर से कवर्धा) पूरी तरह बंद है. नदी-नालों के उफान पर होने के बावजूद बस चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसमें उफनते नाले वह यात्रियों से भरे बस को ले जाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है.



## महादेव एपः कोलकाता, भोपाल, मुंबई में दबिश, 417 करोड़ रुपए जब्त

**रायपुर,15 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में सियासी खेल का हिस्सा बन गए महादेव एप को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत हासिल किए हैं, इसके साथ 417 करोड़ रुपए की आय को जब्त कर लिया है. बता दें कि महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के तार छत?तीसगढ़ से जुड़े हुए हैं. राज्य पुलिस ने एप संचालित करने वाले दुबई में बैठे आकाओं के साथ-साथ दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर सहित अन्य शहरों में बैठे एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई कर बड़ी रकम को ब्लॉक करने में



कामयाबी पाई है. विदेशी नेटवर्क और ट्रेरर फंडिंग का मामला सामने आने के बाद ईडी ने इस केस को अपने हाथ में ले लिया, जिसके बाद छत्तीसगढ़ के चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, इसमें पुलिस एक एएसआई भी शामिल है.

## भारत माता हर भारतीय की आवाज : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,15 सितंबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत माता हर भारतीय की आवाज है और उन्होंने जोर देकर कहा कि वह लद्दाख की आवाज को बढ़ाने के लिए वह सब कुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं, क्योंकि उन्होंने मोटरसाइकिल से केंद्र शासित प्रदेश की अपनी हालिया यात्रा का एक वीडियो साझा किया था। एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उनके पिता राजीव गांधी ने एक बार उनसे कहा था कि पैंगोंग त्सो झील पृथ्वी पर सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। उन्होंने कहा कि तब से, मैं हमेशा लद्दाख जाने के लिए उत्सुक रहा हूँ, और जैसे ही मैंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा जारी रखी, मैंने सोचा, मोटरसाइकिल से लद्दाख जाने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक यात्रा में सभी प्रकार की खोजें होती हैं, और सबसे अविश्वसनीय खोज थी लद्दाखी लोगों का प्यार और विनम्रता। उन्होंने कहा कि लद्दाख के बारे में उनकी सहानुभूति और ज्ञान बेजोड़ है, और क्षेत्र के भविष्य के विकास की कोई भी योजना उनके इनपुट पर आधारित होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि लद्दाख भारत के मुकुट रत्नों में से एक है, और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक स्थानों में से एक है। लोगों की आंखों में विश्वासघात का भाव देखकर मेरा दिल टूट गया।

राहुल गांधी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने हमारी जमीन पर चीन के कब्जे के बारे में झूठ बोला तो उन्होंने खुद को ठगा हुआ महसूस किया। जब भाजपा सरकार अपने किसी भी वादे को पूरा करने में विफल रही तो उन्हें ठगा हुआ महसूस हुआ। राहुल ने कहा कि एक सरकार को अपने सभी लोगों को सशक्त बनाना चाहिए और लद्दाख को सुशासन की आवश्यकता है। भारत माता प्रत्येक भारतीय की आवाज है, और मैं लद्दाख की आवाज को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। भारत माता की जय।



# 40 सीटों पर सिंगल नाम तय

**प्रत्याशी चयन पर सीएम हाउस में मंथन**

**रायपुर,15 सितंबर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन के काम में तेजी ला दी है। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में प्रदेश चुनाव समिति ने उम्मीदवारों के चयन पर मंथन किया। जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा विधानसभावार भेजे गए नामों के पैनल पर विचार विमर्श किया गया। आज की बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बताया जाता है कि जिन सीटों के लिए सिंगल नाम आए हैं उन्हें चुनाव समिति ने हरी झंडी दे दी है। ऐसी सीटें 40 से 45 हैं। यानी इन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए गए हैं। इनमें ज्यादातर नाम मंत्रियों के हैं। पहले नंबर पर पाटन से भूपेश बघेल तथा सरगुजा से टीएस सिंहदेव के नाम हैं। बैठक में यह कोशिश की गई है कि जिन सीटों के लिए दो या तीन नाम आए हैं उन सीटों के दावेदारों को समझाकर सिंगल नाम तय कर दिया जाए। लेकिन बताया जाता है कि बड़े नेताओं के समर्थकों में टिकिट के लिए मुकाबला होने के कारण विवाद की स्थिति है। नेता अपने-अपने समर्थकों को टिकिट दिलवाना चाहते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुार नाम तय करने के बाद सूची केंद्रीय स्क्रीनिंग कमेटी को भेजी जाएगी। अंतिम निर्णय आलाकमान को लेना है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बनेगी फिर से सरकार

छत्तीसगढ़ में आईएएनएस-पोलस्ट्रैट ने 3,672 लोगों के साथ सर्वे किया। सर्वे के मुताबिक, राज्य में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने वाली है। 90 सीटों में से कांग्रेस के खाते में 62 सीटें जा सकती हैं। वहीं भाजपा 27 सीटों पर कब्जा कर सकती है।

### तीनों राज्यों में एक बात कॉमन

आईएएनएस-पोलस्ट्रैट के सर्वे पर गौर करें तो तीनों राज्यों में एक बात कॉमन नजर आती है। वो यह कि तीनों ही राज्यों में वर्तमान सरकार रिपीट होने वाली है। एमपी में भाजपा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। ओपिनियन पोल के मुताबिक, आगामी चुनाव में भी एमपी में कमल खिल सकता है। वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहेगा।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा पहुंचे जशपुर



**जशपुर।** भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का दूसरा चरण आज जशपुर से शुरू होने जा रहा है. परिवर्तन यात्रा के शुभारंभ के लिए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जशपुर पहुंच गए हैं. भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैलिकॉप्टर से जशपुर पहुंचे, जहां पुलिस लाइन में बने हैलीपेड में उतरने पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया. हेलीपेड से जेपी नड्डा बालाजी मंदिर के लिए रवाना हुए।



### शहीद कर्नल के मासूम बेटे ने सेना की वर्दी में पिता को किया विदा

**श्रीनगर, 15 सितंबर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों के साथ चल रहे एनकाउंटर में शहीद कर्नल मनप्रीत को मोहाली में अंतिम विदाई दे दी गई। उनके आवास पर हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी, जो कर्नल को खोने के गम में डूबी थी तो आतंकी हमले का गुस्सा था। इस दौरान जिस तस्वीर ने लोगों को सबसे ज्यादा भावुक किया, वह थी कर्नल मनप्रीत के मासूम बेटे की। उनके नन्हे बेटे ने सेना की वर्दी पहनकर पिता को सैल्यूट कर अंतिम विदाई दी। यह देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं और कर्नल मनप्रीत अमर रहें के नारे देर तक गूंजते रहे।

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची कांकेर , कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर किया स्वागत

**कांकेर, 15सितंबर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज कांकेर पहुंची है। कांकेर पहुंचने पर युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली के माध्यम से परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए आमसभा स्थल लाया गया। सभा स्थल में परिवर्तन यात्रा के कांकेर के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक शिवरतन शर्मा, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, विधायक रंजना साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सांसद मोहन मण्डावी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सभा शुरू की गई। आमसभा को सम्बोधित करते प्रेम प्रकाश पांडेय ने सरकार पर प्रहार करते कहा कि प्रदेश की भ्रष्ट, घोटालेबाज कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने ये परिवर्तन यात्रा निकाली है। भारी बारिश के बीच भी ये उमड़ी भीड़ बताती है कि कांग्रेस के सरकार से जाने का वक्त आ चुका है।

# यूएई ने कहा-पीओके भारत का हिस्सा

**नई दिल्ली, 15 सितंबर।** पाकिस्तान को ऐसा झटका लगा है कि वो जिंदगी भर इससे उबर नहीं पाएगा। एक ताकतवर मुस्लिम देश और संयुक्त अरब अमीरात ने मान लिया है कि पीओके भारत का ही हिस्सा है। पहली बार किसी ताकतवर मुस्लिम देश ने ये बोलने की हिम्मत दिखाई है। मजे की बात देखिए कि संयुक्त अरब अमीरात ने तो पीओके भारत को सौंप भी दिया है। संयुक्त अरब अमीरात के उपप्रधानमंत्री ने एक नक्शा जारी किया है जिसमें पीओके को भारत का अंग दिखाया है। मध्य पूर्व कॉरिडोर वीडियो में पीओके को भारत का हिस्सा बताया गया है। इसमें पीओके और अक्साई चिन का हिस्सा भी शामिल है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस्लामी देश भी कश्मीर मुद्दे पर अब पूरी तरह भारत के साथ खड़े हैं।

नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न बहु-राष्ट्र शिखर सम्मेलन के कुछ दिनों बाद, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधान मंत्री सैफ बिन जायद अल नाहयान ने जी20 से एक वीडियो साझा किया, जिसमें एक व्यापार गलियारे का प्रदर्शन किया गया जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत के एक अभिन्न अंग के रूप में मान्यता



देता है। मानचित्र पर पीओके के स्थान से पता चलता है कि यह भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का एक अनिवार्य हिस्सा था, जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन करने के राजनयिक प्रयास का संकेत देता है। पाकिस्तान का इस क्षेत्र पर लंबे समय से क्षेत्रीय दावा है, इसलिए भारतीय क्षेत्र के हिस्से के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाले पीओके के साथ जी20 वीडियो साझा करने के यूएई के उप प्रधान मंत्री के फैसले को एक उल्लेखनीय अपमान के रूप में देखा जा रहा है। इस मामले पर भारत की स्थिति के अनुरूप, उसका कहना है कि पीओके भारत का मौलिक रूप से महत्वपूर्ण हिस्सा है।

नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच द्विपक्षीय वाणिज्य और सहयोग में सुधार करना है। यह देखते हुए कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को अब इस रणनीतिक योजना के एक हिस्से के रूप में मान्यता दी गई है, इस गलियारे में भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच आर्थिक संबंध बनाने की भारी क्षमता है। इस समझौते के तहत, देशों ने बढ़ी हुई कनेक्टिविटी के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह गलियारा एशिया, अरब की खाड़ी और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण के लिए उपयोगी होगा।

इससे पहले 12 सितंबर को पूर्व भारतीय सेना प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर अपने आप भारत में विलय हो जाएगा। जब पूर्व सेना प्रमुख से पीओके के लोगों की भारत में विलय की मांग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पीओके अपने आप भारत में विलय हो जाएगा, कुछ समय इंतजार करें।

**यूएई की भारत में बढ़ती दिलचस्पी**-पिछले कुछ वर्षों में भारत और यूएई के रिश्तों में गर्माहट आई है।

### एनएससी में मिले भारत को सदस्यता : फ्रांस

**नई दिल्ली, 15सितंबर।** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने भारत में अपने कार्यकाल पर विचार साझा किए। भारत-फ्रांस संबंध, रक्षा सहयोग और भारत की अध्यक्षता में हाल ही में हुए जी20 शिखर सम्मेलन सहित असंख्य विषयों पर इमैनुएल लेनैन ने खुलकर अपनी बात रखी। भारत में अपने कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए राजदूत ने भारत की जीवंत और विविध संस्कृति की सराहना करते हुए उन्हें मिली गर्मजोशी और समर्थन की सराहना की। हालाँकि, उन्होंने कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों को भी स्वीकार किया, जिसमें दूतावास ने एक एनजीओ की तरह काम किया, जो भारत को स्वास्थ्य देखभाल आपूर्ति में सहायता कर रहा था।

## शिक्षक स्वयं की इच्छा से मूल पदस्थापना स्थल पर कर सकते हैं कार्यभार ग्रहण

**रायपुर, 15 सितंबर।** संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा पदोन्नति उपरांत किए गए संशोधन आदेश निरस्तीकरण के संबंध में सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं. महाधिवक्ता कार्यालय के अभिमत अनुसार जिन शिक्षकों के संशोधित आदेश निरस्त किए गए थे, यदि वह स्वयं की इच्छा से अपने मूल पदस्थापना स्थल (जहां पदोन्नति उपरांत सर्व प्रथम पदस्थ किया गया था) कार्यभार ग्रहण करना चाहते हैं तो उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया जाए. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आज जारी निर्देश में संबंधित अधिकारियों से कहा गया है कि इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर प्रकरण में पारित निर्णय 11 सितम्बर 2023 के परिप्रेक्ष्य में महाधिवक्ता कार्यालय से अभिमत चाहा गया था, संबंधित अधिकारी महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा दिए गए अभिमत के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें. महाधिवक्ता कार्यालय से यह भी अभिमत दिया गया है कि किसी शिक्षक के विरूद्ध व्यक्तिगत अवचार का कोई प्रकरण उपस्थित होता है तो उनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है. उच्च न्यायालय ने केवल 04 सितम्बर 2023 के आदेश के संबंध में 11 सितम्बर 2023 की स्थिति में यथास्थिति का आदेश दिया है.

## एक नजर

### इंजीनियरों के लिए आदर्श प्रेरणास्रोत हैं मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया

**कवर्धा, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुविख्यात इंजीनियर, भारत रत्न डॉ. एम विश्वेश्वरैया की जयंती पर विचार व्यक्त करते हुए पीएचई कार्यपालन अभियंता जगदीश प्रसाद , नगर पालिका कवर्धा के कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे , पीएचई सहायक अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने कहा की सिंचाई,बाढ़ नियंत्रण और राष्ट्र निर्माण में इंजीनियर एम विश्वेश्वरैया ने बहुत योगदान दिया है और एम विश्वेश्वरैया के विचारो से अच्छे से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है । प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग कार्यपालन अभियंता जे के मिश्राम , एसडीओ संतोष कुमार गुप्ता , एसडीओ त्रिवेणी कांत गजेंद्र , उप अभियंता नरेंद्र राव गणवीर , उप अभियंता सागर यादव ने बताया की हमारे आदर्श प्रेरणा स्त्रोत है एम विश्वेश्वरैया जी । पीएमजीएसवाय सहायक अभियंता सोमकान्त साहू ने इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की 163 जयंती पर समस्त देशवासियों एवं अभियंताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं विश्वेश्वरैया जी बहुत ही साधारण व्यक्ति थे वह अनुशासन वाले, आदर्शवादी, नशा से दूर और समय के बहुत पाबंद व्यक्ति थे उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीख मिलती है वह हमारे आदर्श हैं उनकी बहुत सी परियोजनाओं के कारण भारत आज गर्व महसूस करता है । बोडला पीएचई सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर और उप अभियंता टोमन कुंजाम , उप अभियंता सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की हमारे लिए गुरुदेव विश्वेश्वरैया जी है । लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता मोहर दास सोनकुवरे ने कहा की भारत रत्न से सम्मानित एम विश्वेश्वरैया से प्रेरणा मिलती है की सभी इंजीनियर्स को गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करना चाहिए और मेरे आदर्श है एम विश्वेश्वरैया जी । भारत की प्रौद्योगिकी के जनक,आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत रत्न डॉ.मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया आदर्श प्रेरणा स्त्रोत है यूवा इंजीनियर ने कही ।



### दुकान का तोला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 15 सितंबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र दुकान का शटर और चैनल गेट में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसा। सोने-चांदी के जेवरात व नगद चोरी कर ले गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी का हुलिया कैद हो गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है कोहका निवासी राधेश्याम सोनी ( 43 वर्ष ) सोने चांदी का व्यापारी है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी ग्राम नंदकटठी बाजार चौक में सोना चांदी का दुकान वैभव लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से है। रोज सुबह 10 बजे अपने दुकान जाता है। तथा शाम 7.30 बजे दुकान बंद करके वापस घर आ जाता है। आज सुबह 6 बजे यादव होटल का मालिक फोन कर बताया कि उनके दुकान का शटर का ताला और चैनल गेट का ताला भी टूटा है। सूचना मिलने पर प्रार्थी का छोटा भाई धनश्याम सोनी दुकान जाकर देखा तो दुकान के सामने चैनल गेट में लगे 4 नग ताला तथा शटर में लगे 2 नग ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो शोकेस में रखा 15 जोड़ी चांदी का पायल ,बाक्स के अंदर रखे चांदी का बिछिया, अगूंठा , चुटकी नहीं था तथा गल्ला में रखे 3000 रूपये नगद गायब था। दुकान के कीमती सामान को रखने के लिए अलग से लॉकर रखा है। जिसे भी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन तोड़ नहीं पाया। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक करने पर आज तड़के1.20 बजे कोई अज्ञात चोर दुकान में लगे ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर चांदी की आभूषण एवं नगद चोरी कर ले गये हैं ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**भिलाई, 15 सितंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र बीती रात पावर हाउस फ्लाई ओवर पर सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ब्रिज पर चढ़ने समय एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया था। स्कूटर चालक पीछे से जाकर घुस गया। इस हादसे में युवक का चेहरा दो भागों में बट गया। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। बरसते पानी में शव को सुपेला अस्पताल की मॉर्च्युरी पहुंचाया छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि पावर हाउस फ्लाई ओवर ब्रिज की है दुर्ग से रायपुर की ओर फ्लाई ओवर से ट्रक जा रहा था। ब्रिज की चढ़ाई को चढ़ते समय ट्रक का ब्रेक डाउन हो गया चालक ने सड़क पर ही ट्रक को खड़ी कर दिया।

ट्रक के पीछे से स्कूटर का चालक पीछे से तेज रफ्तार में आज रहा था उसे सामने ट्रक नहीं दिखाई दिया। सीधे जाकर ट्रक में घुस गया जिससे उसके चेहरे में गंभीर चोट आई चोट इतनी जोरदार थी कि उसका चेहरा दो भागों में बट गया इस हादसे में ब्रिज के ऊफर जाम लग गया पुलिस ने मौके पर ट्रैफिक को व्यवस्थित किया छावनी पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है ।

# पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने शिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 सितंबर।** ग्राम पंचायत कुसुमघटा के पूर्व मध्यिमक शाला में बुधवार के दिन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत कुसुमघटा के तत्वाधान में किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव कार्यक्रम में उपस्थित हुए।इस दौरान एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं, शिक्षक और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अपने जीवन के शिक्षा से अवगत कराया जिसमे उन्होंने ने बताया की जीवन में अनेक कठिनाइयां का सामना करके डॉक्टर से एक आईपीएस तक सफर तय किया और अपने जीवन में सफलता को प्राप्त किया साथ ही यातायात नियमों पर भी जागरूक होने के लिए प्रेरित किया ।मौके पर मौजूद एनएसयूआई के जिला महासचिव प्रवीण वर्मा ने बताया की शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र ने अद्वितीय योगदान देने वाले शिक्षक को प्रोत्साहित एवं शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए यह आयोजन किया गया । वर्मा ने कहा जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता एवं समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया बल्कि छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है उन शिक्षक का सम्मान किया गया।सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत कुसुमघटा द्वारा पुलिस अधीक्षक पल्लव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और एसपी पल्लव ने 08 शिक्षको को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए शिक्षक में भानूराम चंद्रवंशी,अरविन्द कुमार, श्रीवास्तव,श्रीमती रश्मि चंद्रवंशी ,श्रीमती कामाक्षी पांडे,श्रीमती रेखा कश्यप, चैनदास मानिकपुरी ,रामप्रसाद चंद्रवंशी, दिलिप कुमार चंद्रवंशी ये शिक्षक सम्मानित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवप्रसाद वर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी,विशिष्ट अतिथि छबिलाल वर्मा, खदुराम मरकाम, अश्वनी वर्मा, चंद्रकुमार चंद्रवंशी, जीवन वर्मा, बिसेन साहु,धनायादव,भगवानी साहु,जलेश चंद्रवंशी,चतुर वर्मा, सत्तार खां, घनश्याम निषाद,कलाराम निषाद,जीतराम बर्वे,नितेश, पुरषोत्तम, गजानंद, लालेश्वर, परमानंद(शिक्षक), गुलाब ,रुपेन्द्र,अजीत,लोकचंद, प्रमोद,कांशी, श्रीराम,सूरज एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं ग्रामवासी उपस्थित रहे।





## विकास कार्य बाधित करने वाले के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 सितंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर निगरानी करते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, आज जोन 04 शिवाजी मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने खुर्सीपार के शास्त्री नगर में अवैध कब्जा कर बैक लाईन में शौचालय में अतिरिक्त कमरे का निर्माण कर विकास कार्य को बाधित करने वाले विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई है जो नियम विरूद्ध निर्माण एवं अतिक्रमण कार्य करने वालों की निगरानी करते हुए उन पर कार्यवाही कर रहे है। जोन 04 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू ने बताया कि जोन आयुक्त के निर्देश पर वार्ड 50 शास्त्रीनगर में बीएसपी कर्मचारी आवास क्वाटर नं. 1/ए सड़क नं. 36 के बैक लाइन की रिक्त भूमि पर धनलक्ष्मी पति स्व. वेंकटेश्वरलू द्वारा कब्जा कर शौचालय का निर्माण किया गया था जिसके कारण बैक लाइन निर्माण/विकास कार्य में बाधित हो रहा था जिसे स्वयं से हटाने जोन 04 के राजस्व विभाग द्वारा नोटिस दिया गया था किंतु उक्त महिला द्वारा बैक लाइन में किए गए कब्जे को नहीं हटाने के कारण गुरुवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बेदखली की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लोक कर्म विभाग के सहायक अभियंता अजय गौर, राजस्व विभाग का अमला, पुलिस बल, बीएसपी का तोड़फोड़ दस्ता सहित जोन 04 के कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण आफिस में विश्वेश्वरैया जयंती मनाई



**कवर्धा, 15 सितंबर।** सुबह सुबह लोक निर्माण विभाग आफिस में एसडीओ एल पी परगनिहा सहित उप अभियंता एल आर छतरे , श्रीमती दुर्गा राय , अलका डडसेना एवं बाबू ओमकार धर शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने भारत रत्न से सम्मानित इंजिनियर एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा की पूजा अर्चना की । उप अभियंता एल आर छतरे ने बताया की भारत रत्न से सम्मानित इंजीनियर एम विश्वेश्वरैया के विचारों से प्रेरणा मिलती है और सभी अभियंताओ के आदर्श है ।

## इंटर स्टील वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए पर्यवेक्षक मुख्य रेफरी रूप में विनोद नायर का चयन



भिलाई,15 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इनफोर्समेंट में कार्यरत प्रतिभाशाली खिलाड़ी विनोद नायर का चयन सितम्बर माह में विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाली स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड इंटर स्टील वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए पर्यवेक्षक/मुख्य रेफ्री के रूप में किया गया है। चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 29 सितंबर के मध्य विशाखापत्तनम में किया जा रहा है। नायर, एनआईएस वॉलीबॉल कोच रहे हैं, साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रेफरी के रूप में योगदान देकर भिलाई को गौरवान्वित किया है।

## महापौर एवं आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक, जगमग होगा शहर

**भिलाई,15 सितंबर।** निगम क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य सड़क शहर के अन्य सड़क गली मोहल्लों, उद्यान व तालाब में लगे विद्युत पोल का नम्बरिंग के साथ सभी पोल में लाईट की जांच कर बंद लाईट को तत्काल चालू करने के निर्देश महापौर एवं आयुक्त ने जोन आयुक्तों को दिये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी जोन के आयुक्त से उनके जोन में लगे विद्युत खम्बों की जानकारी, खम्बों की नंबरिंग कार्य की प्रगति से अवगत हुये। आयुक्त ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में खम्बे तो लगे है, लेकिन लाईट कि व्यवस्था अभी तक नहीं हो सका है उन खम्बों में फिक्चर लाईट लगावे बंद लाईट को बदलकर चालू करें आगामी पड़ने वाले त्यौहार को ध्यान में रखकर शहर की सभी लाईट चालू रखे उद्यान तथा तालाबों में भी पर्याप्त प्रकाश कि व्यवस्था

## विधायक देवेंद्र की पहल से बन रही सबसे सुंदर,हाई टेक सड़क

**भिलाई,15 सितंबर।** प्रदेश का सबसे सुंदर, स्मार्ट और हाईटेक सड़क भिलाई में बनने को जा रहा है। एमपीआर रोड खुर्सीपार में ऐसा एक सड़क बनाया जाएगा जो शायद ही अब तक प्रदेश में भी कही बना हो। । लेकिन भिलाई नगर के युवा विधायक देवेन्द्र यादव जो हमेशा अपने विजन, दूरदर्शिता, कर्मठता, जनता के प्रति ईमानदारी और विकास के नए नए आयाम गढ़ने के लिए जाने जाते है। जिन्होने कुछ ही साल में पूरी खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र के वार्डो की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने ना सिर्फ ऐसे किसी सड़क की कल्पना की बल्कि उस कल्पना को साकार करने जा रहे है। खुर्सीपार का सबसे प्रमुख सड़क माने



जाने वाला एमपीआर रोड की तस्वीर जल्द बदल रही है। इस एमपीआर रोड को शहर व संभवत हम कह सकते हैं, की प्रदेश का पहला ऐसा सबसे स्मार्ट और सुंदर सड़क बनाया जा रहा है। जहां जनता की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे रहेंगे। सड़क और लगे पोल पर साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा। जिससे लोग राह चलते भजन और प्रवचन भी सुन सकेंगे। इसके अलावा इस सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से जो नेशनल हाईवे जैसे सड़कों पर लगाए जाने वाला रोड ब्लिंकिंग भी लगाया जाएगा। जो रात में जब जलेगा तो सड़क की खूबसूरती और क्षेत्र पर रहने वाले व चलने वाले लोगों को एक अलग ही अनुभूति प्रदान करेगा। इस सड़क के बनने के बाद से इस क्षेत्र की पूरी तस्वीर ही बदल जाएगी। इस सड़क को नेशनल हाइवे की तरह ही मजबूत और रोड इंजीनियरिंग के हिसाब से बनाया जाएगा।

### रोप लाइट और स्ट्रीट लाइटों से रोशन होगा

एमपीआर रोड की खूबसूरती रातः में और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। क्योंकि रातः में इस रोड पर लगे स्ट्रीट पोल में लगे दूधिया रोशनी से रोशन स्ट्रीट लाइट सड़को को काफी सुंदर और मनमोहक बना देगा। इसके अलावा स्ट्रीट पोल पर रंग बिरंगी रोप लाइट भी लगाया जाएगा। जो तिरंगे के रंग से सजा होगा। जब यह लाइट रातः में जलेगी तो इसे देख कर लोगों के मन मे देश प्रेम और तिरंगे के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में राजभाषा विभाग ने हिंदी दिवस मनाया

**भिलाई,15 सितंबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। इसके साथ ही राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका वर्चुअल उद्घाटन समारोह, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। आरम्भ में महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी ने सभी अतिथियों का किताब भेंटकर स्वागत किया एवं वरिष्ठ प्रबंधक शैलेन्द्र ढोके ने स्वागत भाषण दिया। उप महाप्रबंधक एवं हिंदी समन्वय अधिकारी शमशाद रज़ा ने खनिज नगरी राजहरा तथा खदान क्षेत्रों में राजभाषा पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस समारोह के विषय में अवगत कराया। संयंत्रकर्मी कवयित्री एवं उप महाप्रबंधक सुश्री स्मिता जैन, वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार शुक्ला एवं मास्टर ऑपरेटिव कम टेक्नीशियन अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा राष्ट्रप्रेम



व राजभाषा हिंदी पर केन्द्रित स्वरचित कविताओं का पाठ किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सोनी ने अपने उदबोधन में कहा कि राजभाषा अनुपालन की दिशा में भिलाई बिरादरी का इस्पाती इरादा दृढ़ है। वह दिन दूर नहीं जब हमारा संयंत्र शत-प्रतिशत कार्यालयीन काम, हिंदी भाषा में ही करेगा। वर्तमान समय में शासकीय स्तर पर भी हिंदी को प्रचारित करने निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जी-20 अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया गया। साथ ही, विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत सरकार द्वारा हिंदी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस वर्ष यह आयोजन पुणे (महाराष्ट्र) में किया गया है। सरकारी स्तर पर जब ऐसे उच्च-स्तरीय अभिनव प्रयास किए जा रहे हैं, तो हमारा भी दायित्व है कि हम अपनी ओर से हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में व्यक्तिगत व सामूहिक प्रयास करें। राजभाषा पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत संयंत्र एवं खदान स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जो इस प्रकार हैं - 16 सितंबर को ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता 18 सितंबर को तात?कालिक निबंध लेखन, 20 सितंबर को तात?कालिक काव्य लेखन प्रतियोगिता, 21 सितंबर को चित्र देखें-कहानी लिखें प्रतियोगिता एवं 22 सितंबर को मेरी माटी- मेरा देश, उन्नत भारत का परिवेश विषय पर भाषण प्रतियोगिता। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 29 सितंबर को किया जाएगा। संचालन सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन कनिष्ठ अनुवादक सह समन्वयक मनोज सोनी ने किया।

### युवक से एक लाख की ठगी

**भिलाई।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत एक युवक से अज्ञात शख्स ने खाते में पैसा जमा करने का लिंक भेज कर 1 लाख 7 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि ग्राम-जरवाय निवासी जयेश (22 वर्ष)ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात मोबाइल धारक ने खाता में पैसा जमा होने का लिंक मोबाइल पर शेयर कर अलग-अलग तारीख में कुल 1 लाख 7 हजार रुपए ऑनलाइन धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।



## बीएसपी बीआरएम टीम ने बनाया उत्पादन का नया रिकार्ड

**भिलाई,15 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार राड मिल की ऊर्जावान टीम ने पुनः अपने ही बनाये कीर्तिमान को तोड़ते हुए 13 सितम्बर को 12 एमएम टीएमटी बार मे 3303 टन (1598 बिलेट्स) का उत्पादन कर नया सर्वश्रेष्ठ दिवस कीर्तिमान बनाया। इस सफलता पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने शॉप फ्लोर पर पहुँच कर कार्मिकों को बधाई प्रेषित की एवं उपस्थित जन समुदाय को संकल्पित किया कि बीआरएम बिरादरी अपने सामूहिक प्रयास से वार्षिक लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगी तथा भविष्य में आने वाली नयी चुनौतियों के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने बीआरएम टीम को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बीआरएम ने उत्पाद की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत ग्राहक संतुष्टि को अपना लक्ष्य रखा है। विभाग, ग्राहक की मांग के अनुरूप अपने प्रक्रिया एवं कार्यविधि में सदैव ही नई तकनीक का समावेश करता रहा है, जिससे ग्राहको को बेहतर एवं गुणात्मक उत्पाद प्राप्त होता रहे। बीआरएम के उत्पाद देश के सेंट्रल विस्टा, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट, राम मंदिर अयोध्या, बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन जैसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहे हैं तथा इन उत्पादों को ग्राहको से अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने सभी कार्मिको को बधाई दी। एस के बेहरा, के के ठाकुर, सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष,शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय तथा शिखर तिवारी आदि महाप्रबंधक-गणों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्मिकों को बधाई दी।

## एकता के सूत्र में आबद्ध करने की शक्ति केवल हिंदी में:प्रियंका शुक्ला

**भिलाई,15 सितंबर।** बृहस्पतिवार को सेक्टर-2 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या प्रियंका शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है तथा हमें इसका सम्मान करना चाहिए। हिंदी भारतीयों के भावनात्मक अभिव्यक्ति का एकमात्र माध्यम है, इसके अभाव में भारतीयता की अभिव्यक्ति हो ही नहीं सकती। देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने की शक्ति केवल हिंदी में है। हिंदी दिवस की सार्थकता तभी पूर्ण होगी जब हम अपने भाषा के अस्तित्व की रक्षा करेंगे। हिंदी



दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग कराए गए । बच्चों ने कार्यक्रम के विषय पर केंद्रीय सुंदर भाषण, कविता पाठ निबंध लेखन और पोस्टर बनाएं। इस मौके पर आयोना सिंह, आराध्या शाह, मधु साहू, भूमि, लक्षिता जगताप, काव्या दुबे, सारिका, अंशिका, वैदिक और श्रुति ने हिंदी कविता की प्रस्तुति दी । काव्य दुबे, तनय साहू, रिया हेंब्रम, तेनीषा देवांगन, निवेदिता देवांगन शुभाशीष श्रुति अंशिका अब्दुल अरिंजय ने हिंदी में भाषण दिया । आराध्या शाह, सुनिधि, नायरा, जी कार्तिक, के रोषिका, दिव्यांश ने हिंदी दिवस पर आकर्षक पोस्टर बनाएँ। प्राचार्या प्रियंका शुक्ला ने बच्चों को अपनी मातृभाषा से प्रेम और जीवन में सफल होने हेतु शिक्षित होने का महत्व बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।हिंदी दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षक- शिक्षिका और विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया तीजा-पोरा तिहार

**रायपुर, 15 सितंबर ।** मुख्यमंत्री निवास में आज तीजा पोरा तिहार धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निमंत्रण पर पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में महिलाएं तीजा-पोरा मनाने मुख्यमंत्री निवास पहुंची। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास को पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में सजाया गया था। तीजा-पोरा तिहार के अवसर पर महिलाओं-बहनों के लिए मुख्यमंत्री निवास में मायके की तरह करु भात खिलाने से लेकर साज-श्रृंगार और विदाई तक सारी रस्में निभाई गई। मेहंदी, आलता से श्रृंगार की व्यवस्था के साथ पूजा के लिए भगवान महादेव का आकर्षक मंदिर तैयार किया गया। मुख्यमंत्री सहित वहां मौजूद महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। करु भात के लिए करेला चने की सब्जी, कढ़ी के साथ ठेठरी, खुरमी, बड़ा, सोहारी और अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।





## मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सपरिवार लिया रईचुली झूले का आनंद

छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के दल ने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से अनोखा समा बांधा। 'तीजा पोरा के तिहार बहिनी नीक लागे मोर और गाड़ा गाड़ा जोहार...' जैसे गानों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। मुख्यद्वार के पास रईचुली झूले की व्यवस्था थी, जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भी महिलाओं का उत्साह बढ़ाते हुए सपरिवार रईचुली झूले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री संग सेल्फी लेने माताएं बहनें उत्साहित दिखी।

तीजा-पोरा तिहार कार्यक्रम के लिए पूरे मुख्यमंत्री निवास की पारम्परिक रूप में भव्य सजावट की गई थी। कार्यक्रम प्रांगण को तीजा-पोरा पर्व सहित छत्तीसगढ़ी ग्रामीण संस्कृति और जन-जीवन के प्रतीकों से सुसज्जित किया गया था। मुख्य द्वार को पोरा पर्व के पारंपरिक नांदिया बैला से सजाया गया था। गैलरी को रंग-बिरंगे झालरों द्वारा आकर्षक कलेवर दिया गया था। ग्रामीण संस्कृति से जुड़े नयनाभिराम चित्रों से दीवारों को सजाया गया। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषणों का प्रदर्शन भी यहां किया गया।

## हाथों में मेहंदी और पैर में माहुर लगाकर महिलाएं हुईं उत्साहित

मुख्यमंत्री निवास में माताओं-बहनों के हाथों में मेहंदी और पैर में माहुर लगाने की व्यवस्था की गई थी। यह माना जाता है जब बेटी अपने मायके आती है तो वह कुछ इसी तरह साज श्रृंगार कर तीजा के त्यौहार में शामिल होती है। मेहंदी और माहुर लगवाने के लिए महिलाएं उत्साहित दिखीं और उनके चेहरे पर अलग ही मुस्कान खिली नजर आई जिसने माहौल को और खूबसूरत बना दिया।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाः 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित करने निगम ने तैयार की रूपरेखा

**राजनांदगांव 15 सितम्बर।** भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के आदेशानुसार 15 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाना है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में रूप रेखा तैयार की गयी है, जिसके तहत शासन निर्देशानुसार स्वच्छता संबधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत इंडियन स्वच्छता लींग 2.0 सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक कराया जाना है। कार्यक्रम में 16 सितम्बर को स्वच्छता रैली, शपथ तथा 20 से 22 सितम्बर तक सफाई मित्रों का हैल्थ चेकअप व केन्द्र एवं राज्य शासन योजनांतर्गत लाभ प्रदान करने हेतु पंजीयन शिविर के अलावा 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक साफ सफाई संबधित विभिन्न गतिविधियों में स्वच्छता जन जागरूकता, जनभागीदारी से तालाब सफाई अभियान, नुक्कड नाटक, रैली, प्लास्टिक बैन व सोर्स पर ही कचरा पृथकीकरण हेतु प्रचार प्रसार किया जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि पखवाड़ा का शुभारंभ 16 सितम्बर को स्वच्छता रैली से किया जायेगा रैली का शुभारंभ महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी द्वारा नगर निगम कार्यालय से किया जायेगा एवं समापन 2 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता सम्मान समारोह आयोजित कर किया जायेगा, जिसमें महापौर महोदया द्वारा स्वच्छता अपनाने शपथ दिलायी जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य सफाई में सुधार के साथ साथ लोगों को स्वच्छता से जोडना है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता पखवाड़ा से जुडे एवं अपने शहर में स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण निर्मित करने अपने लोगों को भी जागरूक करे।

### राजनांदगांव सायबर सेल की तत्परता से गुम मोबाइल मिला सही सलामत

**राजनांदगांव 15 सितंबर।** 14 सितंबर को प्रार्थी संदीप सोनी पिता रत्नाकर सोनी उम्र 39 वर्ष, निवासी लेवर कालोनी तुलसीपुर थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल को स्वंय आकर बताया की उसका मोबाईल ओप्पो ए-17-के, गुरूद्वारा चौक के पास गुम हो गया है। नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के निर्देशन पर साइबर सेल द्वारा मोबाइल का पता तलाश किया गया एवं त्वरित कार्यवाही करते हुये गुम मोबाइल पाने वाले व्यक्ति द्वारा जब अपना सिम का इस्तेमाल किया तब उसकी पहचान कर उनके कब्जे से उक्त गुम मोबाइल को बराबद कर प्रार्थी को सायबर सेल बुलाकर नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने हाथों से उन्हें सुपुर्द किया गया। प्रार्थी गुम मोबाइल पाकर सायबर सेल टीम एवं सी.एस.पी साहब को धन्यवाद ज्ञापित किया।



### डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग का बुरा हाल,होती है आनेजाने में दिक्कत



**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** डोंगरगढ़ से खैरागढ़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर सिंघोलाबाँधा तालाब से नाकापारा तक आरसीसी रोड में कई जानलेवा गडढे होने से छोटे मोटर साइकिल वाहनों की बड़ी दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। आम लोगों ने बताया कि भाजपा शासनकाल में विधायक सरोजनी बंजारे के कार्यकाल में करोड़ो की लागत से उक्त आरसीसी सड़क का निर्माण किया था जो आज पूरी तरह से जर्जर हो चुका है व रोड में रिपेयरिंग की आवश्यकता है। सैकडो़ जगह गडढा होने की शिकायत पीडब्लूडी अधिकारी को देने के बाद भी गडढो को भरा नहीं जा रहा है जबकि इस मार्ग से वीआईपी, नेताओं सहित जिम्मेदार अधिकार रोजाना मार्ग से आवागमन कर रहे हैं। वहीं आम लोगों ने डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल से गुहार लगाई है कि पीडब्लूडी विभाग को निर्देश दे गडढो को भर रिपेयरिंग कार्य करा जनहित को सक्रिय विधायक होने का संदेश दें।

# राष्ट्रीय पोषण माह में नेहरू महाविद्यालय में न्यूट्रीशन एग्जिबिशन आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में गृह विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में 12 सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत थीम पर न्यूट्रीशन एग्जिबिशन एवं पोस्टर के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि पौष्टिक आहार है तो हम स्वस्थ है। उत्पादन करना और उसका उपयोग स्वतः न करना ज्यादातर देखने को मिलता है।



मिलेट के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कला संकाय प्रभारी डॉ. श्रीमती आशा चौधरी द्वारा उद्बोधन में पौष्टिक खाओ-स्वस्थ्य रहों के लिए प्रेरित किया। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमति नीलम चतुर्वेदनी ने कहा की जंक फूड हेल्थ पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है। महिलाओं के स्वास्थ्य में कई समस्याऐं गलत खान-पान और गलत लाइफस्टाइल के कारण होती है। उन्होने बताया कि पिछले दिनों जी-20 भारत में आयोजित हुआ है उसमे जो व्यंजन थे ज्यादातर मिलेट्स के थे ।

न्यूट्रीशन एग्जिबिशन के प्रथम स्थान पर एम.एस.सी. रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर से सक्षम, द्वितीय स्थान पर एम.ए. भूगोल से दीप्ति नामदेव, एवं तृतीय स्थान बीए भाग एक की छात्रा कहकशा रही। कार्यक्रम का संचालन नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. हेमुराम पदमें द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक समिति के डॉ. आशा चौधरी, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फर्जी ज्वाइनिंग लेटर तैयार कर लोगो से लाखो रुपये लेकर ठगी

**राजनांदगांव 15 सितंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ का दिनांक 02/09/2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी 1-सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल निवासी उमरपोटी दुर्ग, 2-राजेश महिलांगे पदमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के द्वारा रेल्वे विभाग में टिकिट एक्जामिनर (ज्ञश्व) के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420, 467,468,471,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी वर्ष 2022 में खैरागढ पॉलीटेकनीक कालेज में पढाई के दौरान जान पहचान पदुमतरा निवासी राजेश महिलांगे से हुई थी जो रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने की बात बताया था। इसके एवज में1300000/रू (तेरह लाख ) मांग किये थे एवं अपने बडे अधिकारी के रूप में सुनील पटेल निवासी दुर्ग से मिलाया था। जो नौकरी लगाने का अश्वासन दिया दोनो की बातो में आकर घर वालो की रजा मंदी से घर के पुराने जेवर, सोना चांदी को विक्रय कर बैक के माध्यम से एव नगदी राशि कुल 1300000/ रू (तेरह लाख) दिये थे। दिनांक 18/11/2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित होने अपाइंन्टमेंट मिला जिस पर दिनांक 21/11/2022 को हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित हुआ । हेड आफिस में विभिन्न कागजातो पर हस्ताक्षर करवाया सर्विस बुक भराकर टैनिंग जाने आदेश की कापी दिया गया। जंहा कलकत्ता में 45 दिन तक ट्रेनिंग दिया गया।



## जुआरियों के विरुद्ध पुलिस चौकी चिखली ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव 15 सितंबर।** 13 सितंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना (भा0पु0से0) के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सटटा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली, थाना लालबाग एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम बोईरडीह-जोरातराई खार के मध्य भाठा में 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे जुआरियो की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गयी जिसमें जुआरियान 01. कमलाकर पाटिल पिता सुरेश पाटिल उम्र 68 साल निवासी मॉडल टाऊन भिलाई वार्ड न0 03 थाना सुपेला जिला दुर्ग छ0ग0, 02. राहुल चौरसिया पिता संजय चौरसिया उम्र 35 साल निवासी रामाधीन मार्ग स्टेट बैंक के सामने थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0, 03. बसंत दास पनिका पिता विनोद पनिका उम्र 54 साल निवासी गयानगर मुक्तिधाम उरला रोड वार्ड न0 09 थाना मोहननगर जिला दुर्ग छ0ग0, 04. गोपाल नायक पिता लक्ष्मण नायक उम्र 52 साल निवासी स्टेशनपारा वार्ड न0 08 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकडकर उनके पास एवं फड से नगदी रकम 83000/- रूपयें, 52 पत्ती ताश, 01 नग दरी, 04 नग मोबाईल कीमती 31500/- रूपये, 03 नग स्कूटी, 05 नग मोटर सायकल कीमती 2,76,000/- एवं 01 नग मारूती अल्टो कार कीमती 90,000/- रूपये कुला जुमला कीमती 4,80,500/- रूपये को जप्त कर छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया।



# पुराना बस स्टैण्ड में सीमेंटीकरण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 सितम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा पुराना बस स्टैण्ड में अधोसंरचना मद अंतर्गत 48.41 लाख रूपये की लागत से सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुड्डा, पार्षद श्री राजेश जैन रानू, नामांकित पार्षद श्री एजाजूल रहमान, श्री झम्मन देवांगन, श्री मामराज अग्रवाल, बस आपरेटर संघ के अध्यक्ष श्री रईस अहमद शकील तथा दिग्विजय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य श्री ईब्राहिम भाई मुन्ना की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ मे बस स्टैण्ड संघर्ष समिति के सुमित शर्मा, आशीष पाण्डे, जसराथ तौथवानी, सलीम खान, शकील रिजवी, मनीष सेन, रियाज भाई, अश्वनी गुप्ता, कमल गुप्ता, अखिलेश पंसारी, रमेश भोजवानी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियो द्वारा सीमेंट रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन अंतर्गत स्वीकृत राशि से शहर में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज शासन स्वीकृति अनुसार अधोसंरचना मद अंतर्गत 48.41 लाख रूपये की लागत से पुराना बस स्टैण्ड मे सीमेंटीकरण कराने भूमिपूजन किया जा रहा है।



# भाजपा-कांग्रेस के नेताओ के कारण गरीब प्रभावित दुकानदारो को नहीं मिल पाया उनका हक:मनभावन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 15 सितंबर।** आदिवासी नेता मनभावन सिंह उइके ने छुरिया में बने स्वालंबन योजना के एक सौ एक (101) दुकानो के आवंटन को लेकर भाजपा - कांग्रेस पर कसा तंज, उइके ने कहा चहुमुखी विकास की बात करने वाले भाजपा - कांग्रेस को क्यों नहीं दिखता छुरिया के प्रभावित दुकानदारो का दर्द, लम्बे समय से दूकानदार अपनी हक कि लड़ाई लड़ रहा है, जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है, भाजपा कहती है पंद्रह सालो मे विकास हुआ, कांग्रेस कहती है जो विकास चार वर्षो में हुआ वो कभी नहीं हुआ, पर जमीनी स्तर पर सच्चाई कुछ और है, छुरिया के प्रभावित दूकानदार सालो से दुकान पाने भटक रहे है। उइके ने पूर्व कि बातो को याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा शासन में छुरिया बंजारी मार्ग से लगे दुकानदारो को कहा गया, सड़क निर्माण के लिए बीच सड़क से नौ मीटर दाए एवं बाए जगह कि आवश्यकता है, जिसे सभी दुकानदार सहर्ष स्वीकार कर जिस दूकानदारो का जगह नौ मीटर के दायरे में आ रहा था वे स्वतः ही अपना कब्ज़ा हटाने तैयार थे, लेकिन प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए अतिक्रमण कि कार्यवाही करते हुए लगभग अस्सी दुकानो का नौ मीटर कि जगह पुरे दुकानो को नेस्तनाबूद कर दिया।



# ठगी के पैसों से कार लेने वाला दूसरा आरोपी पुलिस गिरफ्त में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** रेलवे में नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर 18.50 लाख रु की ठगी के मामले में गिरोह के दूसरे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी योगेश हिरवानी पिता कचरूराम हिरवानी उम्र 24 साल निवासी अछोली थाना डोंगरगढ़ ने 02 सितम्बर 2023 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी 1-सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल निवासी उमरपोटी दुर्ग, 2- राजेश महिलांगे पदमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के द्वारा रेल्वे विभाग में टिकिट एक्जामिनर (ज्ञश्व) के पद पर नौकरी लगाने के नाम से विभिन्न किस्तो में 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) लेकर प्रार्थी से ठगी किए है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/2023 धारा 420, 467,468,471,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी वर्ष 2022 में खैरागढ पॉलीटेकनीक कालेज में पढाई के दौरान जान पहचान पदुमतरा निवासी राजेश महिलांगे से हुई थी जो रेल्वे विभाग में नौकरी लगाने की बात बताया था। इसके एवज में1300000/रू (तेरह लाख ) मांग किये थे एवं अपने बडे अधिकारी के रूप में सुनील पटेल निवासी दुर्ग से मिलाया था। जो नौकरी लगाने का अश्वासन दिया दोनो की बातो में आकर घर वालो की रजा मंदी से घर के पुराने जेवर, सोना चांदी को विक्रय कर बैक के माध्यम से एव नगदी राशि कुल 1300000/ रू (तेरह लाख) दिये थे। दिनांक 18/11/2022 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित होने अपाइंन्टमेंट मिला जिस पर दिनांक 21/11/2022 को हावडा डिविजन रेल्वे मैनेजर के समक्ष उपस्थित हुआ । हेड आफिस में विभिन्न कागजातो पर हस्ताक्षर करवाया सर्विस बुक भराकर टैनिंग जाने आदेश की कापी दिया गया। जंहा कलकत्ता में 45 दिन तक ट्रेनिंग दिया गया। ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनिंग अधिकारी को बैंग के माध्यम से 50 हजार व नगदी 05 लाख रूपये मांग किये जाने पर दिया गया। प्रार्थी को ट्रेनिंग के दौरान संदेह होने पर अपने घर वापस आया पैसो की मांग करने पर आरोपियो के द्वारा टाल मटोल करता रहा।




प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल मार्गदर्शन पर निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में सायबर टीम के सहयोग से आरोपी की पता तलाश में जूट गयी आरोपी सुनील पटेल पिता मकसुदन पटेल उम्र 39 साल निवासी उमरपोटी थाना उतई जिला दुर्ग को दिनांक 04/09/2023 को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो रेल्वे विभाग मे नौकरी लगाने के नाम पर झूठा आश्वासन देकर, राजेश महिलांगे पदुमतरा खैरागढ व अन्य 02 व्यक्तियो के मिलकर 18,50000/रू (अठ्ठरहा लाख पॅचास हजार रू) की ठगी करना बताये है। पूर्व में आरोपी सुनील पटेल पिता मकसुदन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण के आरोपी राजेश महिलांगे पिता बिरझू राम महिलांगे फरार था जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही है। सूचना प्राप्त हुआ कि राजेश महिलांगे अपने घर में लूक छीप कर रहा रहे है।

## छत्तीसगढ़ ओलंपिक में कुश्ती के लिए डोंगरगढ़ क्षेत्र से हुआ खिलाडियों का चयन

**डोंगरगढ़ 15 सितंबर।** जैसा की आप सभी जानते हैं अभी के इस समय में अपनी सेहत का ध्यान देना कितना आवश्यक है प्रदेश के मुख्यमंत्री मान. भूपेश बघेल ने स्वास्थ के प्रति जागरूक किया और हमारे जो छत्तीसगढ़ के पुराने खेल गिल्ली डंडा, भौंरा, बांटी, रस्सा खींच, फुगड़ी, कबड्डी, खो खो, गोला फेंक, दौड़, गेड़ी,कुश्ती जैसे सभी खेल को महत्व दिया और साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी का मान सम्मान बढ़ाते हुए इन सभी खेलों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक का दर्जा दिया जिसमे सभी बाल वर्ग से लेकर इस सभी खेल में बुजुर्ग महिला पुरूष सभी सम्मिलित हो रहे हैं। हाल ही में यह खेल ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों से होकर आगे संभाग स्तरीय बढ़ गया है जिसमें डोंगरगढ़ छेत्र से कुश्ती के लिए गुलशन कंवर 60 किलो. , विशाल साहू 70किलो , दिनेश वर्मा 80किलो में चयनित हुए ये सभी खिलाड़ी दुर्ग संभाग से अपना प्रदर्शन करेंगे।



## भेण्डसर के 25 युवा हुऐ भाजपा में शामिल



**अंवरी15 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर जी के विकास कार्य से उसकी प्रेरणा से ग्राम भेडसर के 25 युवा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुआ । इस अवसर पर रामस्वरूप साहू , छत्रपाल बैस , आनंद यदु , गोविंद सिंह राजपूत, धर्म साहू , मनहरण धीवर , राधे साहू , शालिक राम साहू आदि उपस्थित थे ।

# आम लोगों का स्वयं का आवास का सपना हुआ साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 सितम्बर।** देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, क्रियान्वयन की इस कडी में छत्तीसगढ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना सकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर आज दिनांक 14 सितम्बर 2023 को नगर निगम सभागृह में सुबह 11:30 बजे निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री भागचंद साहू, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी,खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, डिप्टी कलेक्टर श्री गौतम पाटिल, उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 18 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 58 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।



नोडल अधिकारी श्री रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 697 आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त आवेदन में से पात्र 401 आवेदकों की सूची जारी की गयी थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 58 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था, और आज 18 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किये जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाये जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जायेगा।

श्री रामटेके ने बताया कि रेवाडीह में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 13, मोहारा में निर्मित 340 पूर्ण आवास में 4, तथा लखोली में निर्मित 272 अपूर्ण आवास में 1 विकलांगता के आधार पर भूतल पर आवास आबंटन किया गया, इस प्रकार कुल 18 हितग्राही के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 1 माह के कार्य दिवस में आवास आबंटन पत्र दिया जायेगा। साथ ही पात्र हितग्राही जो इस लाटरी में शामिल नहीं हो पाये उन्हें राशि जमा उपरांत पुनः लाटरी कर आवास का आबंटन किया जायेगा तथा जो आवेदक बैक से ऋण लेना चाहते है उन्हें ऋण की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले ने अपने उद्बोधन में आवास प्राप्त करने वाले सभी परिवारों को बधाई देते हुये कहा कि आज पोला तिहार के शुभ अवसर पर आप लोगों को आवास आबंटन किया जा रहा है।

संपादकीय

## यह कोई बड़ा फैसला नहीं है

राजनीति में कई बार राजनीतिक दलों के पास दिखावा करने के अलावा के कोई चारा नहीं रहता है तो उनकी मजबूरी हो जाती है कि वह दिखावा करें। विपक्षी दलों के बीच एकजुटता की कमी है। इसलिए इसी का दिखावा ज्यादा किया जाता है। जो चीज उनके पास होनी चाहिए और नहीं है तो वह उसका दिखावा ही कर सकते हैं। कोई आदमी झूठा होता है तो वह सच्चा होने का दिखावा ही कर सकता है। यह तो एक तरह से लोगों को धोखा देना है, राजनीति में धोखा देने को भी कला माना जाता है, जरूरी माना जाता है। चुनाव जीतने के लिए जरूरी माना जाता है। यह देश की बड़ी राजनीतिक सचाई है कि पीएम मोदी जैसे लोकप्रिय नेता होने के कारण भाजपा को कांग्रेस सहित विपक्षी दल लोकसभा चुनाव में हरा नहीं सकते, तो वह सोचते हैं कि मिलकर हरा देंगे। वह एक मोर्चा बना लेंगे और भाजपा,पीएम मोदी को हरा देंगे। इसलिए वह ऊपरी तौर पर तो एक मोर्चे के रूप में एक हो गए हैं लेकिन भीतरी तौर पर वह बंटे हुए हैं तथा यह विभाजन कई मौकों पर साफ दिखाई देता है। इस विभाजन को छिपाने के लिए बैठकें होती रहती है। पटना, बेंगलुरू मुंबई की बैठकों के बाद दिल्ली में शरद पवार के यहां भी बैठक हो गई। पिछली तीन बैठकों की तरह इस बैठक में भी कोई बड़ा फैसला नहीं किया गया। विपक्षी मोर्चे के लिए तो सबसे ज्यादा जरूरी फैसला सीट बंटवारे का है। यही मामला हर बैठक में आगे के लिए टलता जा रहा है। इस बैठक में भी सीट शेयरिंग पर यह कहा गया है कि इसका फैसला राज्य समितियां करेंगी। जिस राज्य में जो दल मजबूत होगा, वही समिति का नेतृत्व करेगा। यानी सीट शेयरिंग का फैसला राष्ट्रीय स्तर पर नहीं होगा। यह दलों के बीच तनाव को रोकने के लिए किया जा रहा है लेकिन इसी की वजह से भी तनाव पैदा हो सकता है। ऐसे में कोई क्षेत्रीय दल कांग्रेस को ज्यादा सीटें नहीं देगी तो कांग्रेस को यह बात पसंद नहीं आएगी। दिल्ली समन्वय समिति की बैठक में यह फैसला किया गया है कि मोर्चे की साझा रैला का आयोजन राज्यों में किया जाएगा। यह भी विपक्षी एकता को दिखाने का प्रयास भर है। इससे विपक्षी मोर्चा जमीन स्तर पर मजबूत नहीं होगा। बैठक में सनातन के मुद्दे पर यह कहा गया है कि मोर्चे की तरफ से अब कोई बयान नहीं दिया जाएगा। इससे गठबंधन को जो नुकसान होना था वह हो चुका है। यह सनातन विरोधी घोषित किया जा चुका है, मोर्चे के बयान न देने से यह दाग मिटने वाला नहीं है। मोर्चे ने सनातनी एकता को और मजबूत कर दिया है। देश में वैसे ही सनातनी एकता के लिए कोशिश तेज हो गई है जितना इसका विरोध किया जाएगा, सनातन उतना मजबूत होगा। सनातन को कमजोर करने के लिए बैठक में जाति जनगणना पर जोर दिया गया है। सनातनी लोग इस बात को समझ रहे हैं तथा वह देख चुके है कि वह एकजुट रहते है तो उनकी बात देश में सुनी जाती है, इसलिए अब सनातनी जाति के मोह में फंसने वाले नहीं हैं क्योंकि जाति के मोह के कारण ही उनकी उपेक्षा की जाती रही है। उनकी बात सुनी नहीं गई। विपक्षी मोर्चे की बैठक में एक फैसला यह भी किया गया है कि वह ऐसे चैनलों की सूची बनाएगा जो उसके साथ नहीं है, ऐसे चैनलों में आने वाले दिनों में मोर्चे के प्रवक्ता नहीं भेजे जाएंगे यानी चैनलों व एंकरों का एक तरह से बहिष्कार किया जाएगा। विपक्षी दल आए दिन लोकतंत्र, संविधान की रक्षा व अभिव्यक्ति की आजादी की बात करते हैं और वह भी ऐसा मीडिया चाहते हैं तो उनसे सवाल न करे। उनकी आलोचना न करे। वह जैसा चाहत हैं वैसा ही करे। कांग्रेस तो पहले भी ऐसा कर चुकी है,बाकी दलों को क्या हो गया है। उन्हें तो कांग्रेस के समान आचरण नहीं करना चाहिए। मीडिया का स्वतंत्र रहना लोकतंत्र के लिए जरूरी है। मीडिया को स्वतंत्र रहने देना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बीतेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढ़ेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सारे कामों में सफलता जरूर मिलेगी।

वृष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। अगर आज नए बिजनेस की शुरूआत करना चाहते हैं तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका भी मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चों पर रोंक लगाना चाहिए। विद्यार्थी अपने रुके प्रोजेक्ट को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आज आप फिट रहेंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी, रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। किसी से लिया कर्ज आज आप वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी, जिससे आप रिलैक्स महसूस करेंगे। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अगर कहीं निवेश करना चाह रहें है तो कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आपकी पहले से चल रही को श्वस्द्ध आज पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेगी। आज संतान पक्ष से कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपके शत्रु परास्त्र होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मागेंगे। आज समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। आपकी आमदनी की अपेक्षा आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी नए कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज वाहन चलाते समय आप फोन का इस्तेमाल न करें। विद्यार्थी आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज बिजनेस में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। आज जरूरत से ज्यादा किसी की बात का जबाव देने से बचें। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जो भविष्य में आपके व्यापार ले लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह के लिए अच्छे रिश्ते आएंगे। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे, उनसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज वाहन लेने का अवसर आपको मिल सकता है। डिज़ाइनर्स को आज कोई बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आप नई बाइक लेने का विचार अपने सहयोगियों के साथ करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज कहीं घूमने जाएंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका कोई रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आएगा। दोस्तों के साथ टूर का भरपूर आनंद उठाएंगे। आज संतान पक्ष से आपको सुखद समाचार मिल सकता है। परिवार में उत्साह से भरा माहौल रहेगा। विद्यार्थियों का मन आज पढ़ाई में ज्यादा लगेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। पहले से चली आ रही पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी। आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कोई नया वाहन लेने का विचार आज आप अपने परिवार के साथ करेंगे। स्टेशनरी का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का बड़े अधिकारीयों से संपर्क बढ़ेगा। घर के बुजुर्गो को समय से दवाई दें और उनकी देखभाल करें। आज आपको माता-पिता से स्नेह मिलेगा। आज आप घर में छोटी सी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी, जो आगे चलकर आपके काम आएगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी, जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आप को एकदम फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा, साथ ही कुछ और शुरू करने का मन बनाएंगे। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। लवमेट्स आज फोन पर देर तक बात करेंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी खास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। बिजली व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे हैं आज उनके लिए दिन शुभ है। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे, आय के नए स्रोत भी आपको मिलेंगे। बेवजह को बातों को सोच-विचार करने से बचने का प्रयास करें। आपके बच्चे किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको उन पर गर्व होगा।

# आखिर कब तक हमारे जवानों के खून से होली ?

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



सामान्य जनजीवन की ओर लौट रहे जम्मू-कश्मीर में अमन शांति पड़ोसी देश पाकिस्तान की आंखों में चुभ रही है। एक बार फिर पाक प्रेरित दहशतगर्दों ने खून खराबा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। जम्मू-कश्मीर में पिछले 3 दिनों में आतंकियों से हुए 2 एनकाउंटर में 3 अफसर और 2 जवान शहीद हो गए जबकि एक सैन्य डागी ने भी शहादत दी है । अभी एक जवान लापता है। बुधवार 13 सितंबर को अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं भट्ट शहीद हो गए।

आपको बता दें कि ताजा वारदात जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में बौखलाए आतंकियों के साथ एनकाउंटर में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं भट ने देश सेवा में अपने प्राण निछावर कर दिए। तीनों ही वीरों की कहानी प्रेरणादायक वीरगाथा है। कोई उस यूनिट का हिस्सा रहा जिसने बुरहान वानी का अंत किया तो एक को बीते साल सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था।बताया जा रहा है कि 12 और 13 सितंबर को ऐसे इनपुट मिले थे कि अनंतनाग में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। उस इनपुट के आधार पर ही सेना और पुलिस दोनों जमीन पर सक्रिय हो गईं और उनकी तरफ से एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। अब जिस समय तलाशी अभियान चलाया गया, कुछ आतंकियों ने अचानक से फायरिंग कर दी और उस गोलीबारी में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू कश्मीर पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं भट गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन खून इतना बह चुका था कि तीनों में से किसी भी वीर सपूत को नहीं बचाया जा सका।

जी 20 देशों के प्रतिनिधियों के कश्मीर दौरा करने और वहां सफलता पूर्वक बैठक आयोजित करने के बाद विदेशी ताकतों के ईशारे पर कश्मीर में आतंकवाद की आग दहकाने की साजिश की जा रही है। शांति की ओर लौट रहे कश्मीर में पिछले तीन साल में यह सबसे बड़ा हमला है, जिसमें इतने बड़े अफसरों की शहादत हुई है। इससे पहले कश्मीर के हंदवाड़ा में 30 मार्च 2020 को 18 घंटे चले हमले में कर्नल, मेजर और सब-इंस्पेक्टर समेत पांच अफसर शहीद हुए थे।

इस साल अब तक राजौरी-पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने 26 आतंकियों को मार गिराया है। 10 सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए हैं।सुरक्षा बलों ने 9 अगस्त को 6 आतंकी पकड़ लिए थे। इस के अलावा कश्मीर पुलिस और इंडियन आर्मी ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किए गए थे। पहला मामला 9 अगस्त की रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए।दूसरा मामला बारामुला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े। इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस साल जनवरी से अब तक जम्मू-कश्मीर में 40 आतंकी मारे गए हैं। इनमें 8 ही स्थानीय थे और बाकी सभी विदेशी थे।

अनंतनाग ऑपरेशन में सेना के एक मादा लैबराडोर डॉगी ने भी शहादत दी है। सेना के अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एनकाउंटर में शहीद हुए आर्मी डॉग का नाम केंट था।उसने मुठभेड़ के दौरान अपने हैंडलर को बचाया और खुद शहीद हो गया।केंट आतंकियों की तलाश करने के लिए जवानों की एक यूनिट का नेतृत्व कर रहा था।इस दौरान उसे गोली लग गई थी।

अनन्त नाग एनकाउंटर में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह मात्र 41 साल के थे। शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह मूल रूप से पंजाब के भरऊजान गांव के रहने वाले थे। उनका परिवार वर्तमान में हरियाणा के पंचकूला में रह रहा था। साल 2003 में मनप्रीत ने अपना एनडीए पूरा किया था और फिर 2005 में वह सेना में शामिल हो गए। सबसे बड़ी बात यह है कि उनके दादा और पिता ने भी सेना में सेवा दी। दोनों ने ही सेना में सिपाही के रूप में कई सालों तक सेवा की । इस समय मनप्रीत अपने पीछे अपी पत्नी, एक सात साल का बेटा और एक डेढ़ साल की बेटी को छोड़ गए हैं। अनन्तनाग में शहीद मेजर आशीष धोनैक को इसी साल 15 अगस्त को सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। वे 19 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ जुड़े हुए थे और पूरी शिद्दत और बहादुरी के साथ अपनी देश सेवा कर रहे थे। आशीष पानीपत के बिंझौल गांव के निवासी थे। वे अपनी तीन बहनों के इकलौते भाई और छह महीना पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे। अब किसे पता कि वो मेजर आशीष धोनैक की आखिरी छुट्टी साबित होगी और वो उनकी परिवार के साथ आखिरी मुलाकात रहेगी। शहीद डिप्टी एसपी हुमायूं भट्ट जम्मू-कश्मीर पुलिस में कार्यरत थे। उनके पिता भी जम्मू-कश्मीर पुलिस में ही डीआईजी रैंक के अफसर थे। हुमांयू 2018 बैच के एक नौजवान अधिकारी थे जो दिमाग से तेज और हिम्मत से भरपूर थे। पिछले साल ही उनकी शादी भी हुई थी और कुछ समय पहले ही उन्हें पिता बनने का सौभाग्य भी मिला था। लेकिन अब एक साल के अंदर में वो पत्नी भी विधवा हो गई और बच्चा भी अनाथ हो गया।

सवाल उठ रहा है कि आखिर देश के जवानों को कब तक पाक समर्थित आतंक का सामना करते हुए खून बहाना पड़ेगा? तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर कूटनीती के जरिए विश्व गुरु बनने का सपना संजो रही सरकार के सत्ताधारियों को दृढ़ता और गंभीरता से विचार करना होगा आखिर क्या वजह है कि देश पिछले 75 साल से पाकिस्तान के द्वारा किए जा रहे छद्म युद्ध को झेल रहा है? इस समय तमाम देशभर से इस तरह की मांग की जा रही है कि अब समय आ गया है जब कश्मीर की शांति भंग करने के लिए पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया जाए! पाकिस्तान को उचित जवाब दिए बिना इस आतंकवाद पर नियंत्रण पाना काफी मुश्किल काम है। आखिर हमारे जवानों का खून इस तरह फिजूल में कब तक बेहतर रहेगा? यह भारत के सब्र की अति हो चुकी है। भारत की सहनशीलता का फायदा पड़ोसी मुल्क भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए इस्तेमाल करता रहा है चीन और पाकिस्तान भारत में द्द20 समिट के सफल आयोजन और उसमें अमेरिका भारत समेत 8 देश के इकोनामिक कॉरिडोर बनाने के फैसले के बाद काफी परेशान हुए हैं। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ता कद पड़ोसी दुश्मन देशों के लिए परेशानी का सबक बना है इस सब को देखते हुए काफी संभावना है कि भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए जम्मू कश्मीर और खालिस्तान के नाम पर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने की कोशिश की जाएगी इसके प्रति सचेत होकर सुरक्षा की चाकचोबंद व्यवस्था करने की जरूरत है। वहीं पड़ोसी मुल्क को सख्त संदेश देने की जरूरत है यह संदेश सैन्य कार्यवाही और अन्य किसी नए रूप में भी हो सकता है लेकिन थोथरी बयानबाजी से अब काम नहीं चलेगा ।

# भीड़ तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज

चिंतन

संजीव ठाकुर



देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10त्न लोगों के पास देश की 58त्न संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70त्न भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र

द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

# ओम् स्वाहा...

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

चुनावी वादे भगवीता के सार की तरह होते हैं। जो कल किसी का था, आज वह किसी का है और परसों किसी और का होगा। इस सार से सत्ता और विपक्ष दोनों डरते हैं। साथ ही लाभ भी उठाते हैं।



पार्टियाँ प्रायः चुनाव के समय डरी-डरी सी रहती हैं। बाकी दिनों में जनता को डराती रहती हैं। पार्टियों को बड़े खतरे की आशंका हुई। कुछ शुभचिंतकों ने सोचा कि इससे पहले पानी सिर के पार हो जाए आलाकमान को सचेत करने में अपनी भलाई है। भली-भांति जानते हैं कि सरकारी व्यवस्था में सरकार हमेशा चाकू और शुभचिंतक तरकारी की तरह होते हैं। हर हाल में कटना तो तरकारी को ही है। बात जब आलाकमान तक पहुंची तो मुखिया पहले थोड़ा परेशान हुए। फिर सोचा मुखिया का काम तो परेशान करना होता है न कि परेशान होना। वैसे भी बैसाखी और परेशानी से चलने वाला कोई भी मुखिया मुंह के बल धड़ाम से गिरता है। अफरा-तफरी में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। आपातकालीन बैठक में हमेशा आपातकाल के नाम पर आफत काल का माहौल तैयार होता है। यही वह मौका होता है जब आलाकमान के सभी लोग एक दूसरे से मिल बैठकर तोड़ने जोड़ने और अपनी भड़ास निकालने का पूरा लाभ उठाते हैं। इसीलिए आलाकमान बैठकों से अधिक उठापटक में विश्वास रखता है। जैसे तैसे आलाकमान की बैठक आरंभ हुई। मुखिया ने अपनी गिद्दी नजर सब पर गड़ाई। उन्हें डराने लगा। कहा- हमारे पीठ पीछे पार्टी की थाली में छेद करने की साजिश रची जा रही है। हमारा विरोधी कुछ बड़ा करने की फिराक में है। आज के समय में विरोधी का जीवित रहना हमारी नपुंसकता का परिचायक है। मुखिया की बात सुन सभी गहरे चिंतन में डूब गए। या यूँ कहिए सोचने के नाम पर कुछ सो गए तो कुछ खो गए। वैसे भी भीड़ में कभी सांप नहीं मरता। मुखिया जान गए थे कि जिन्होंने जीवन भर लूटपाट, डकैती और डकारने के लिए हाथ पैर और पेट का इस्तेमाल किया हो उनसे बुद्धि वाला कार्य करवाना सबसे बड़ी बेवकूफी है। आखिरकार मुखिया ने हल ढूंढ निकाला। निर्णय किया कि कस्बे के सभी भेड़ों को ठंडी से बचने के लिए ऊनी स्वेटर बांटे जाएंगे। यह सुनकर विरोधी सुन्न और भेड़ प्रसन्न हो गए। मुखिया की उदारता पर रटे रटाए भाषण दिए जाने लगे। जलसा निकाला गया। गली-गली मूर्तियां स्थापित की गईं। मुखिया की इस महान घोषणा के लिए भेड़ों का झुंड उनसे मिलने उनके घर पहुंचा। सौभाग्य से मुखिया के दर्शन भी हो गए। दर्शनावधि के बीच एक समझदार भेड़ ने मुखिया से प्रश्न किया - महाप्रभु! हमारे प्रति आपकी उदारता के लिए हम सब आपके ऋणी हैं। क्या आप बता सकते हैं कि इतने सारे ऊनी स्वेटर का प्रबंध कहाँ से करेंगे? मुखिया तो पहले मुस्कुराए और धीरे से कहा - अरे बेवकूफों! इन ऊनी स्वेटरों के लिए ऊन तुम्हारे बदन से ही उधेड़ी जाएगी। राजनीति करने वाली पार्टियाँ कभी अपनी जेब से कुछ नहीं करतीं। सामने वाले की चीज सामने वाले को देकर इसकी टोपी उसके सर का खेल खेलती है।

सेहत

## घर के कई मुश्किल कामों को आसान बनाता है प्याज, आजमा कर देखें



भारतीय रसोई में प्याज ना हो यह सम्भव ही नहीं है। प्याज के बिना सब्जी बनाना गृहणियों को बहुत मुश्किल नजर आता है। भोजन का जायका बढ़ाने में प्याज का इस्तेमाल किया ही जाता है। कई लोग तो हर सब्जी में प्याज का इस्तेमाल करते हैं। सब्जी की ग्रेवी बनानी हो या पास्ता प्याज का इस्तेमाल होता ही है। हालांकि काटने में मेहनत बहुत होती है और आंखों में आंसू जरूर आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं आपको रूलाने वाला यह प्याज घर के कई मुश्किल काम को आसान बनाता है। आज इस कड़ी में हम आपको प्याज से जुड़े कई ऐसे बेहतरीन काम के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपने कभी सोचे भी नहीं होंगे।

**फलों को खराब होने से बचाता है**-कोई भी फल ज्यादा देर तक कटा रखा रहने पर उसमें ऑक्सीडेशन प्रोसेस शुरू हो जाती है और वह भूरा और खराब सा होने लगता है। प्याज में मौजूद नेचुरल मॉइश्चर और सल्फर इस प्रक्रिया को धीमी करने और एवाकाडो, सेब जैसे फलों को ज्यादा वक्त तक अच्छा रखने में मददगार होता है।

**जंग हटाता है प्याज**-प्याज के रस का उपयोग जंग को हटाने में भी किया जा सकता है। कई बार किचन के किसी बर्तन, चाकू या फिर चम्मचों में नमी की वजह से जंग लगने लगती है। कई बार साबुन से साफ करने पर भी जंग दूर नहीं होती है। ऐसी सूरत में प्याज काफी काम आ सकता है। चाकू पर जंग गलने पर चाकू को प्याज के अंदर घुसाकर कुछ वक्त के लिए छोड़ दें और उसके बाद निकालकर साफ करें तो जंग चली जाती है। इसी तरह प्याज के रस को जंग की जगह पर कुछ वक्त तक घिसने पर भी असर दिखाई देता है।

**बालों की ग्रोथ बढ़ाता है प्याज का रस**-प्याज के रस का उपयोग बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। कई घरेलू नुस्खों में बालों के इलाज के लिए प्याज का उपयोग किया जाता है। प्याज में काफी मात्रा में सल्फर मौजूद होता है जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। पेंट की गंध को भगाता है घर में अगर आपने नया-नया पेंट कराया है तो उसकी स्मेल आपको परेशानी में डाल सकती है। इस तरह की परेशानी का सामना करने पर तीन चार प्याज को टुकड़ों में काटकर एक प्लेट में उस रूम में रख दें जहां पेंट हुआ है। कुछ घंटों में ही प्याज पेंट की स्मेल को एब्जॉर्ब कर लेगा।

**कार की विंडशील्ड पर नहीं जमती फॉस्ट**-सर्दियों के दिनों में कार की विंडशील्ड पर रात में नमी और ओस जमना एक आम समस्या होती है। सुबह जल्दी गाड़ी का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर प्याज की स्लाइस को रात में विंडशील्ड पर घिस दिया जाए तो सुबह आप देखेंगे की विंडशील्ड पर फ्रॉस्ट नहीं जमी है।

**चमकदार व साफ करता है ओवन**-खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला ओवन और ग्रिल जब गंदा हो जाता है तो उसे साफ करना काफी मुश्किल काम होता है, लेकिन प्याज की मदद से आप इसे आसानी से साफ कर सकते हैं। यहां प्याज की एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टीज़ काफी कारगर साबित होती हैं। प्याज का छिलका उतारकर उसके राउंड स्लाइस काट लें और फिर ग्रिल की रॉड्स और ओवन को घिसकर साफ करने में इस्तेमाल करें। यह खाने में लगने वाले बैक्टिरया को भी खत्म कर देता है।

**जलने की बदबू को सोखता है प्याज**-सभी घरों में ये आम है कि कभी बनाते वक्त चावल जल जाएं या फिर दूध ज्यादा उबलने से गैस बर्नर पर गिर जाए या कभी दाल ज्यादा पकने की वजह से जल जाए। जब भी कभी ऐसा होता है तो किचन एक अजीब तरह की बदबू से भर जाता है। जिसे दूर होने में काफी वक्त लगता है। ऐसी मुश्किल स्थिति में प्याज का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। जब भी कभी ऐसा हो तो प्याज के कुछ स्लाइस को स्टोव के पास रख देना चाहिए। इससे कुछ देर में ही प्याज सारी बदबू सोख लेता है।

फिल्म

## वृंदावन के लिए जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के साथ आई डायरेक्टर श्रुति अनिंदिता वर्मा

मुंबई 14 सितम्बर 2023। एक रोमांचक साझेदारी के रूप में जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड (जिसका नाम वर्तमान व्यावसायिक माहौल को देखते हुए व्यापारिक गतिविधियों को ज्यादा अच्छे से दिखाने और अपनी ब्रांड इक्विटी को बढ़ाने के लिए नाम बदलकर टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड किया जा रहा है) ने प्रतिभाशाली और जानी मानी भारतीय लेखिका, डायरेक्टर और फिल्म प्रोडूसर सुश्री श्रुति अनिंदिता वर्मा को अपने आगामी प्रोजेक्ट वृंदावन के लिए चुना है। यह फिल्म लव, लॉस और सेल्फ डिस्कवरी की एक शानदार यात्रा दिखाएगी जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।

वृन्दावन मूवी की डायरेक्टर श्रुति अनिंदिता वर्मा ने कहा ÷मेरे लिए श्री मोहन नादर पहले एक अच्छे मित्र हैं जो वास्तव में भावनाओं को समझते हैं और यह तथ्य है कि उन्होंने इस कहानी पर बहुत काम किया है, उनका यह विश्वास सिनेमा के बारे में बहुत कुछ बताता है। जब वह किसी चीज के लिए दिल से काम करते हैं तो पूरी ताकत लगा देते हैं। मैं बहुत खुश हूं कि वह मेरे पास ऐसे व्यक्ति हैं जो आपको पूरी आजादी देते हुए भी जरूरत पड़ने पर हमेशा मौजूद रहते हैं। जीआई इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहन नादर ने कहा ÷श्रुति एक ऐसी कहानी लेकर आईं जो दिल दहलाने वाली भी है और दिल को छू लेने वाली। वृन्दावन में एक लम्बे अरसे से चली आ रही विधवाओं की यह कहानी है सबको बहुत पसंद आएगी। वृंदावन एक ऐसी लड़की की कहानी है, जो अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा करने अपनी दादी की तलाश में वृन्दावन पहुँचती है।

## एक नजर

### 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्यपान निषेध सप्ताह का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अरु मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जन-समुदाय में व्यापक जागरूकता लाने हेतु 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2023 तक मद्य-निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, नशा मुक्ति प्रदर्शनी, रैली, वाद-विवाद, गोष्ठी का आयोजन, अशासकीय कला मंडली, सांस्कृतिक संगठन, विभागीय कलापथक दल के सांस्कृतिक कार्यक्रम, मद्य-निषेध की प्रतिज्ञा एवं शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कराना, स्थानीय दूरदर्शन, आकाशवाणी केन्द्रो से नशा मुक्ति पर प्रेरक कार्यक्रमों का प्रसारण, नशा पीड़ित व्यक्तियों को होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी, स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से नशापान के विरूद्ध आलेखों एवं अन्य प्रेरक समाचारों का प्रकाशन, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में मद्यपान, नशापान के विरूद्ध विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, ग्राम स्तर तक नशामुक्ति नारों का दीवार लेखन एवं अन्य प्रचार- प्रसार कार्यक्रम, योगाभ्यास विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नशामुक्ति हेतु योग का आवश्यकतानुसार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है।

### अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण न करने की अपील

**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर।** कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम एवं निरंतर कार्यवाही किये जाने हेतु टास्क फोर्स दल जिसमें खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन, वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा समन्वय कर संयुक्त जांच किया जायेगा। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में खनिज रेत सहित समस्त प्रकार के खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभारी नियंत्रण एवं दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जायेगी। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोई भी वाहन या व्यक्ति, खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने में निरंतर संलिप्त रहता है एवं पुनरावृत्ति की दशा में उनके विरूद्ध खान एवं खनिज ( विकास एवं विनियम) अधिनियम 1957 की धारा-21 के तहत प्रकरण सिविल न्यायालय में दर्ज किया जायेगा। जिसमें अधिकतम दण्ड जैस 05 वर्ष व 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड पांच लाख रुपये तथा प्रत्येक दिन के लिए अर्थदण्ड पचास हजार रुपये जुर्माना किया जा सकेगा। सभी खनिज व्यवसायियों एवं खनिज ट्रांसपोर्टरों को सूचित एवं अपील किया जाता है कि खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण न करें एवं न करने दे।

### सेमरा में 15 से रामधुनी यज्ञ एवं प्रतियोगिता का आयोजन

**अंवरी 15 सितंबर।** ग्राम सेमरा (भखारा) में विगत 75 वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस साल भी तीज पर्व के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय अखण्ड श्री रामधुनी यज्ञ एवं प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 सितंबर तक किया गया है। शुक्रवार से बस स्टैंड चौक में प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिनाम 20 रामधुनी मंडलियों को रामकथा गायन एवं झांकी के लिए आमंत्रित किया गया है।जो प्रतिदिन अलग अलग मण्डलियाँ अपने निर्धारित समय में संगीतमय श्रीराम कथा का प्रस्तुति देंगे।प्रतियोगिता में गायन और झांकी मंडलियों के लिए अलग अलग पुरस्कार की व्यवस्था किया गया है।जिसमें दोनों के लिए प्रथम 21 सौ रुपये, द्वितीय 15 सौ, तृतीय 11सौ एवं चतुर्थ स्थान पर आने वाले मंडलियों के लिए 7 सौ एक रुपये दान दाताओं की ओर से प्रदान किया जाएगा।इसके अलावा प्रत्येक मंडलियों को प्रोत्साहन राशि अलग से दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के सरंक्षक सीताराम साहू, अध्यक्ष माधव राम साहू, सचिव नारायण प्रसाद जोशी,सह सचिव मोती राम विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू,ग्राम पटेल राजेद्र साहू,ईश्वर साहू, एवं सरपंच, पंचगण जुटे हुए हैं।

# उत्साह और उमंग के साथ संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन

## विजयी खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत कर किया गया उत्साहवर्धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पारम्परिक खेल विधाओं को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरुआत कर पूरे देश में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है और इन खेल विधाओं में गांव तथा शहर के छुपी प्रतिभाओं को उभारने के लिए सकारात्मक प्रयास किया है। जिससे उक्त खेल गतिविधियों में खिलाड़ी पूरे जोश और जूनून के साथ भाग लेकर परचम लहरा रहे हैं। यही वजह है कि इस संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बढ़िया प्रदर्शन किया और विजयी हुए हैं। अब राज्य स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन कर बस्तर अंचल का नाम रोशन करने की बारी है इसे हमारे प्रतिभशाली खिलाड़ी साबित करेंगे। यह बात विधायक एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चन्दन कश्यप ने धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के समापन कार्यक्रम में खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा।

इस अवसर पर विधायक चित्रकोट श्री राजमन बेंजाम ने खिलाड़ियों से कहा कि स्पर्धा में हार-जीत अवश्यम्भावी है। इसलिए परास्त हुए खिलाड़ियों को निराश नहीं होकर उन्हें जो खिलाड़ी विजयी हुए हैं उनसे सीखने और समझने की आवश्यकता है। जिससे भविष्य में अपनी दक्षता में सुधार के साथ बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ अपनी बेहतर प्रतिभा के जरिये राज्य स्तर पर बस्तर का परचम लहराने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में बारिश के बावजूद सभी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ अच्छा प्रदर्शन किया है। यह छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक विलुप्त हो रही खेल विधाओं को सहेजने के साथ भावी पीढ़ी को जोड़ने का बढ़िया प्रयास है। राज्य शासन इस ओर सतत पहल कर रही है और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के लिए सुविधाओं की उपलब्धता को ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा में 100 करोड़ रुपये की लागत से जगदलपुर में इंडोर आडिटोरियम बनाए जाने से पूरे संभाग के युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में अपनी श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर बस्तर को गौरवान्वित करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में विजयी खिलाड़ियों तथा टीमों को पुरूस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। जिसके तहत खिलाड़ियों तथा टीमों को मेडल एवं ट्राफी प्रदान किया गया। इसके साथ ही सम्मान निधि की राशि संबंधित खिलाड़ियों के खाते में सीधे अंतरित किये जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित सभी सात जिले के खेल अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक एवं कॉलेज व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# बैठक में सड़क हादसे रोकने किया विचार-विमर्श



**जगदलपुर, 15 सितम्बर।** बस्तर लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के आस्था सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सांसद श्री दीपक बैज और उद्योग एवं आबकारी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा वर्चुअल रूप से जुड़े। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्र के सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।सांसद श्री बैज ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। वहीं जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक सिग्नल और अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा,साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने पर बल दिया। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने सड़क सुरक्षा पर बल दुर्घटना रोकने के लिए व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता बताई। वहीं संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन सहित विधायक नारायणपुर श्री चन्दन कश्यप और विधायक चित्रकोट श्री राजमन बेंजाम ने भी सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा ने जगदलपुर शहर में यातायात प्रबन्धन हेतु गोल बाजार एवं संजय मार्केट में मल्टी लेबल पार्किंग की जरूरत सहित शहर के बाहर स्थायी ट्रांसपोर्ट नगर बनाने, शहर के चिन्हित 3 स्थानों पर बेरियर लगाने सहित ट्रैफिक दबाव के नियंत्रण हेतु आड़ावाल तिराहा, गुरुगोविंद सिंह चैक एवं टेलीमारेंगा तिराहा पर ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किये जाने का सुझाव दिया। वहीं जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों पर गति नियंत्रण के लिए जिगजैग, रबल स्ट्रीप लगानेन, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने,सड़कों पर सुगम दृश्यता हेतु सड़क किनारे स्थित झाड़ियों की छंटाई करने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही गाड़ियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए।

# चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने ली शपथ



**जगदलपुर, 15 सितम्बर।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरूवार को धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक समापन कार्यक्रम के पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारियों सहित खिलाड़ियों और युवाओं ने हरेक निर्वाचनों में मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की शपथ ली। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने नये मतदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मतों का उपयोग कर देश के विकास में योगदान निभाएं। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाये रखने सहित स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित सभी सात जिले के खेल अधिकारी, खेल प्रशिक्षक और खिलाड़ियों के अलावा गणमान्य नागरिक एवं युवा मौजूद थे।

### जय गायत्री मानस मंडली भैंसबोड़ ने किया आदर्श छात्र-छात्राओं का सम्मान

**अंवरी 15 सितंबर।** जय गायत्री मानस मंडली भैंसबोड़ स्व.तुलसीराम साहू की प्रेरणा से विगत कई वर्षों से प्राथमिक शाला, नवीन प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ के आदर्श छात्र छात्राओं का सम्मान करता आ रहा है। इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आदर्श छात्र छात्राओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र श्री फल व प्रोत्साहन राशि से किया गया। ग्राम के अतिथिगण उपस्थित थे पूर्व सरपंच गोपीराम साहू,सरपंच प्रतिनिधि दिलीप साहू, साहू समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष होमेन्द्र साहू,ग्रामीण साहू समाज उपाध्यक्ष चंद्रकुमार साहू,नंदकुमार साहू, श्रवण कंवर, पवन साहू , रामस्वरूप यादव , रामप्रसाद ध्रूव , गायत्री मानस मंडली के अध्यक्ष लक्ष्मण दावना, संचालक संतराम सेन ,आरती राम साहू व सभी सदस्य उपस्थित थे। विशेष अतिथि होमेन्द्र साहू जी के द्वारा संक्षिप्त उद्बोधन व बच्चों को आशीर्वचन दिया।कहा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित कर हम खुद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य, पोषण को बढ़ावा देने निकाली जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर।** स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग के सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के सहयोग से स्वास्थ्य ग्राम पंचायत टीम पर ग्राम पंचायत मेटापाल 1 में टीम के अनुरूप कार्य करने और पंचायत को सशक्त बनाने के लिए जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मेटापाल में निकाली गई जागरूकता रैली।

इस जागरूकता रैली में ग्राम पंचायत मेटापाल 1 के सभी पंचायती राज इंस्टीट्यूशंस के सदस्यों, महिला बाल विकास विभाग के 12 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के 6 मितानिनों, 3 शिक्षकों, 4 वार्ड पंचों, और 10 पोशाक एवं गर्भवती माताओं के साथ गांधी फैलो सुश्री ज्योति सिंह और सिद्धी शिंदे ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहें और समयानुसार अपना और अपने परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि मलेरिया, एनीमिया, कुपोषण और अन्य बीमारियों से बच सकें और उनके बचाव के रास्ते निकाल सकें। सभी उपस्थित लोगों और रैली में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा पोषण आहार के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई और बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में पोषण की महत्ता और समय पर टीकाकरण के महत्व को बताया गया। सभी उपस्थित लोगों को स्थानीय पंचायत को स्वास्थ्य पंचायत बनाने के लिए सहयोगी बनने का आह्वान किया गया। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य पंचायत टीम के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस पहल के माध्यम से ग्राम पंचायत मेटापाल ने अपने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में सुधार के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिससे लोग अब अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक और सचेत रहेंगे। आगामी दिनों मे बीमारियों से बचने के लिए सद्गुण समयानुसार उपयोग करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी में चल रहा कार्यों का कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार ने जायजा लिया। यहा उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे सभी कार्यों को एकरूपता प्रदान करने का निर्देश भी दिया। उल्लेखनीय है कि मंदिर की ऐतिहासिकता को बरकरार रखते हुए उसे नए स्वरूप दिए जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुरे जोर प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में मंदिर परिसर में निर्माणाधीन ज्योति कलश भवन, रिवर फ्रंट, कॉरिडोर सहित अन्य निर्माण कार्यों किए जा रहे है, इस प्रकार मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के निष्पादन के साथ ही मन्दिर को विश्वव्यापी स्वरूप प्राप्त होगा, इस दौरान कलेक्टर ने मन्दिर परिसर में पैदल घूमकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करते जल्द ही कार्य को पूर्ण करें, इसके साथ ही उन्होने यह भी कहा कि मंदिर में हो रहे निर्माण कार्यो से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित सबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### श्रमिक पंजीयन शिविर में मतदाताओं को मतदान करने की दिलाई गई शपथ



**दंतेवाड़ा, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मतदाता को जागरूकता (स्वीप) के तहत आज बड़े गुडरा में मतदाता जागरूकता एवं श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रमिक के द्वारा मतदान के प्रति शपथ भी लिया गया। इसके साथ ही आसपास के सभी ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणों को भी मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया गया। आगामी विधानसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' चलाए जा रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रहें और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाओं एवं लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### बारिश होने से किसान खुश




**सुकमा, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इन दिनों मानसून एक सप्ताह से लगातार बरस रही है। किसानों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस वर्ष कम बारिश होने की आशंका थी। किसानों के चेहरों में उदासी थी। अब एक सप्ताह से बराबर बारिश से किसानों में खुशी देखने को मिली है। सुकमा जिला में बारिश अच्छी हो रही है। कोंटा ब्लाक में बारिश न होने देर में रोपाई हुई सबसे कम बारिश कोन्टा ब्लाक में हुई है। सुकमा ब्लाक और छिंदगढ़ ब्लाक में अच्छी बारिश हुई है। जिससे फसल अच्छी होने की सद्भावना किसान खुश है। एक सप्ताह में जनजीवन असर पड़ा है व्यापार कम हुआ है। इस समय टमाटर 30 रुपए किलो बिक रहा है जबकि 200 रुपए किलो तक टमाटर बिका था। बारिश के चलते किसान निदाई कर रहे हैं। मौसमी बीमारी के कारण जिला अस्पताल मरीजों से भरा है।

**चिकित्सालयों में मरीजों की भीड़**

## मवेशी मालिक ने दिखा लापरवाही

# जावंगा में 5 दिनों से सड़क किनारे घायल पड़े मवेशी का गौ सेवकों ने कराया इलाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम,15 सितंबर।** गीदम के जावंगा एजुकेशन सीटी में मुख्य मार्ग किनारे एक गौ वंश मवेशी अपने मालिक की लापरवाही की वजह से पिछले लगभग 5 दिनों से घायल अवस्था मे पड़ा था जिसे गुरुवार को गीदम के गौ सेवको ने अस्पताल पहुचाया । मिली जानकारी अनुसार मवेशी शनिवार रात एक अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसके बाद घायल मवेशी का शनिवार शाम प्रारंभिक उपचार गो सेवको के माध्यम से पशु विभाग द्वारा कराया गया । इधर घटना के तुरन्त बाद पशु मालिक के पहुचने के बाद ईलाज की पूरी जिम्मेदारी पशु मालिक ने तो ले ली थी लेकिन 5 दिनों तक पशु मालिक ने ईलाज के प्रति गम्भीरता नही दिखाई , घायल मवेशी बारिश के बीच सड़क किनारे घटना स्थल पर ही पड़ा रहा । नतीजन मवेशी के पैर व अन्य जगहों पर कीड़े पड़ने लगे। इस बात की खबर लगते ही गौ सेवक संस्था व गीदम के गौ सेवक युवको ने घायल मवेशी को निजी वाहन से पशु चिकित्सालय पहुचाया जहा मवेशी का ईलाज जारी है । बता दे कि इन दिनों बरसात के समय लगातार मवेशियो की वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ने लगी है। इसमे सीधे-सीधे पशु मालिक भी लापरवाह नजर आ रहे है , जो मवेशियो को खुले में छोड़ रहे है । जब सड़क दुर्घटना होती है तो पशु मालिक का अता पता नही होता है नतीजन पशुओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है । इस तरह की घटना के दौरान नगर के गो सेवक दल व पशु चिकित्सालय गीदम की टीम लगातार गम्भीरता बनाये रखते है लेकिन कही न कही पशु मालिको के लापरवाही से नाराजगी भी देखने को मिलती है ।

गौ रक्षक दल के राजेश सुराना ने बताया कि बरसात के समय सड़क पर मवेशियो का जमावड़ा बना रहता है , सड़क दुर्घटना होने पर इसका खामियाजा घायल व्यक्ति व घायल मवेशी को ही भुगतना पड़ता है । घटना के समय कई बार मवेशी मालिको का पता भी नही होता । इधर प्रशासन भी इसे लेकर कुछ खास कदम नही उठा रही । बरसात के समय सड़क किनारे बैठे मवेशियो को लगातार काऊ कैचर से पकड़ने का कार्य जारी रहना चाहिए जिससे मवेशियों की वजह से होने वाले सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण हो सके ।

## एक नजर

### एसडीएम ने की कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की विशेष पहल



**महासमुंद,15 सितंबर।** सभ्य समाज में बच्चों मे व्याप्त कुपोषण एक सामाजिक अभिशाप है। जिसके कारण कुपोषित बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से पिछड़ जाते है। कुपोषण को दूर करने एवं सामाजिक चेतना लाने के लिए आईएएस अनुविभागीय अधिकारी (रा) बसना हेमन्त नंदनवार द्वारा विशेष पहल किया गया। विकासखण्ड बसना के 37 कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने हेतु उन्होंने एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों को गोद दिलाकर उन्हें सुपोषित करने का अभियान मई 2023 को छेड़ा गया। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को स्वैच्छिक रूप से गोद लेने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को प्रेरित किया गया। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिमाह बच्चों के घर गृहभेंट कर उनके पालकों को स्वस्थ्य एवं पोषण संबंधित परामर्श दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के घर डाईट चार्ट (कुपोषित बच्चों को दिये जाने वाली आहार की सूची) चस्पा किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक द्वारा प्रति सप्ताह बच्चों का वजन लिया जाकर आवश्यक परामर्श दिया गया। आईएएस अनुविभागीय अधिकारी (रा) बसना के निर्देश पर कुपोषित बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा कुपोषित बच्चों को आवश्यक दवाई क्रय कर उपलब्ध कराई गई। उपरोक्तानुसार समन्वित प्रयास कर फलस्वरूप 15 मध्यम कुपोषित बच्चे एवं 02 गंभीर कुपोषित बच्चे कुपोषण से बाहर आए।

### कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

**राजनांदगांव।** 14 सितम्बर को शासकीय किसान उच्चतर माध्य. शाला अर्जुनी में जोन स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ गणित एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसके संकुल-अर्जुनी जोन के अंतर्गत आने वाले सभी संकुलों के प्राथ, एवं पूर्व माध्य शाला के शिक्षको द्वारा बनाये गये कबाड़ से जुगाड़ गणित एवं विज्ञान से संबंधित मॉडलो का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में प्राथक एवं माध्य. शाला के लिये दो अलग- अलग दल का गठन किया गया।

उक्त प्रदर्शन में निर्णयल दल बने विज्ञान प्रदर्शन मानव शरीर में रक्त परिसंचरण शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी को प्रथम स्थान प्रदान किया। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रधान पाठक श्री थानसिंह साहू ने आभार व्यक्त करते हुये अपने सहयोगी साथियो श्री शांडिल सर, डालेश्वरी दिल्लीवार और संस्कार सिटी कालेज से आने वाले छात्राध्यापक, दुश्यत साहू, कल्पना रावटे एवं ममता कोसरिया को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया और बधाई दी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में हिंदी दिवस मनाया गया

# हमारी राष्ट्रीय एकता को सशक्त करती है हिन्दी






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 15 सितंबर।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 1 सितंबर से 15 सितंबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया।तत्पश्चात स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता से संबंधित चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में गीता साहू,अंजलि प्रथम एवं मधु साहू,डिगेश्वरी द्वितीय स्थान पर रही।चित्रकला में तुलसी निषाद प्रथम एवं रूद्रकुमार द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रथम,द्वितीय के साथ साथ सभी प्रतिभागी को शाला की ओर से पुरस्कृत किया गया। वही हिंदी दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता को सशक्त करती है।भारत विविधताओं वाला देश है जिसमें विभिन्न धर्म,जाति एवं सम्प्रदाय के लोग रहते है लेकिन इन सभी लोगों को हिन्दी भाषा ने जोड़ कर रखा है।हिन्दी हमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने और उनकी सराहना करने में मदद करता है।हिंदी भारत की सर्वाधिक बोली व समझी जाने वाली भाषा है। हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हमे इसका आदर और उसका मूल्य समझना चाहिए। भाषा ही वह ईकाई है जो व्यक्ति को आपस मे जोड़ती है।कार्यक्रम का संचालन गीता साहू(ग्यारहवीं) ने किया।इस मौके पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार साहू,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा, रुद्रप्रताप साहू,दुष्यंत साहू,तोमन साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

निजी शिक्षण संस्थानों ने किया धरना-प्रदर्शन

# आरटीई की राशि में बढ़ोतरी समेत आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



**महासमुंद,15 सितंबर।** आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आज जिले के निजी शिक्षण संस्थानों ने ब्लॉक स्तर पर धरना -प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। लोहिया चौक में आयोजित धरना -प्रदर्शन में महासमुंद जिला प्राइवेट स्कूल, मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जी रावटे, उपाध्यक्ष मनोहर महंती, ब्लॉक अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, सचिव सुरेश राणा,सह सचिव राकेश श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष आर के तिवारी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य महेन्द्र जैन ने बताया कि पिछले 12 वर्षो से आरटीई की राशि में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। हमारी मांग है कि आरटीई की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7 हजार से 15 हजार, माध्यमिक कक्षाओं की 11,500 से बढ़ाकर 18 हजार व हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं में अधिकतम सीमा को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये तक किया जाए। साथ ही स्कूल बसों की खत्म होने की अवधि छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष और देश के अधिकांश राज्यों में यह अवधि 15 वर्ष है । छत्तीसगढ़ में भी स्कूल बसों की अवधि 15 वर्ष किया जाये,निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए,आरटीई की रुकी हुई प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों के खाते में अविलंब हस्तांतरित की जाए, निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफएमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए,गणवेश की राशि 540 रुपए से बढ़ाकर 2 हजार रुपए की जाए, निजी विद्यालय में अध्ययनरत अजा/अजजा/अपिव वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाई जाए और निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाए जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जा रहा है ।

### मांगें पूरी न हुई तो राजधानी में 21 को बड़ा आंदोलन

उन्होंने बताया कि अनेक बार निवेदन के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूरन आज पूरे प्रदेश में प्राईवेट स्कूलों को बंद कर सभी ब्लॉक में एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। मांग पूरी न होने की स्थिति में 21 सितम्बर को राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

धरना -प्रदर्शन के दौरान वेडनर मेमोरियल के फादर देवानंद, राम विद्या मंदिर के एचके हेमंत,द्रोण पब्लिक स्कूल पिथौरा के विकास डड़सेना, गुड शेफर्ड के एमके निवास राव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### नवोदय की नर्सरी तैयार करने वाले लिल्हारे गुरुजी का सम्मान

राजनांदगांव। शिक्षक दिवस के अवसर नवोदय की नर्सरी तैयार करने वालेमुन्हे लाल लिल्हारे (प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बालक मुसरा) कोशिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु डोंगरगांव विधायक दलेश्वरसाहू ने सम्मानित किया। विदित हो कि लिल्हारे सर जवाहर नवोदय विद्यालयपरीक्षा के लिए निशुल्क शिक्षा प्रदान करते है।

जिसमें कई छात्रों का चयनहुआ है। उनके मार्गदर्शन में अब तक एक हजार बच्चे नवोदय में चयनित होचुके है। श्री लिल्हारे वर्ष 2011 में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के लिएभी मुख्यमंत्री के हाथो सम्मानित हो चुके है। उनके द्वारा शाला कीस्वच्छता तथा बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया जाता है।शासन की महत्वाकांक्षी योजना वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं मतदाताजागरूकता रैली का घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करना उनकी बड़ीउपलब्धि है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस

**महासमुंद, 15 सितंबर।** 14 सितंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के सभाकक्ष में प्राचार्य प्रो (डॉ) अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट) के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात अपने भावपूर्ण उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोलने का उद्देश्य हम अपने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक कौशल बढ़ाने के उद्देश्य से किए हैं। परंतु, हमें अपनी मातृभाषा व राजकीय भाषा का भी पूर्ण सम्मान करते हुए उसे भी लगातार सुदृढ़ बनाना है। हमें अपने हिंदी के शब्दकोश का विस्तार करते हुए उसमें भी पठन लेखन एवं संप्रेषण में पारंगत रहना ही चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में लेखन के लिए भी प्रोत्साहित किया। भाषा हमारे विचारों की संप्रेषण का एक माध्यम है। उन्होंने बताया कि हम अपने निर्बाध विचार सिर्फ अपनी मातृभाषा में ही प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम में पढ़ रहे विद्यार्थियों से अपनी भारतीय संस्कृति, भाषा तथा परंपरा को संजोए रखने का आह्वान करते हुए आज के ही दिन पढ़ रहे छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण त्यौहार पोला पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ श्रुति झा ने बताया कि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अनुसुइया अग्रवाल का हमारे बीच होना हमारे लिए अत्यधिक गर्व की बात है।

# सौर सुजला योजना से जिले के 5230 किसानों की जिंदगी में आई खुशहाली

**महासमुंद।** सौर सुजला योजना ऐसे समस्त किसानों जिनके पास जल स्त्रोत तो पूर्व से उपलब्ध था, किंतु बिजली कनेक्शन के अभाव में या तो डीजल अथवा अन्य महंगे ईंधन का उपयोग कर सिंचाई करते थे या सिंचाई के लिए सिर्फ वर्षा के जल पर आश्रित रहते थे। उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। सौर सुजला योजना लागू होने के पश्चात से अब किसान सोलर पंप के माध्यम से अपने खेतों के साथ जिंदगी में भी हरियाली बिखेर रहे हैं। अब सिंचाई के लिए न तो आसमान की ओर ताकना पड़ता है और न ही विद्युत कनेक्शन का बाट जोहना पड़ता है। वे अब आसानी से अपने खेतों की सिंचाई कार्य कर पा रहे हैं। योजना के प्रारम्भ से अब तक जिला महासमुंद के कुल 5230 किसानों को योजना का लाभ मिला है।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा), ऊर्जा विभाग छग शासन के अधीन राज्य सरकार की अधिकृत नोडल एजेन्सी है। जिसके माध्यम से राज्य में अनेक गैर परम्परागत ऊर्जा आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत सोलर रूफटॉप सौर संयंत्र, ऑन ग्रिड सौर संयंत्र, पेयजल के लिए सोलर ड्यूल पंप, कृषि



प्रयोजन कार्य हेतु सोलर सिंचाई पंप के अलावा अनेक परियोजनाओं का क्रियान्वयन राज्य में किया जा रहा है। सौर सुजला योजना अंतर्गत राज्य के प्रत्येक वर्ग के किसानों को कृषि प्रयोजनों हेतु सिंचाई कार्यों के लिये राज्य शासन द्वारा अत्यंत आकर्षक अनुदान एवं रियायती दरों पर सोलर पम्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं।महासमुंद जिले के ग्राम ठेलकादादर की महिला किसान रेवती पटेल की तरह 5 हजार और अन्य किसानों ने सोलर पम्प स्थापित कर आर्थिक समृद्धि के द्वार खोले हैं। रेवती बताती है कि योजना के तहत वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड-पिथौरा के ग्राम - ठेलकादादर में अपने खेत में 03 एचपी क्षमता का सोलर पंप स्थापित किया है। जिससे वे खेतों में सब्जी उत्पादन कर कम समय में लगभग 45000 रुपए का लाभ ले चुकी है। उन्होंने बताया कि वे बिजली के अभाव में जल स्त्रोत होते हुए भी कृषि कार्य नहीं कर पाती थी या परंपरागत विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने हेतु लाखों रूपये का व्यय होता था, अब इस योजना का लाभ लेकर अपने खेतों में विभिन्न प्रकार के फसलों का उत्पादन कर लाभ अर्जित कर रहें है।कार्यपालन अभियंता क्रेडा ने बताया कि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु इस योजना के तहत जिला महासमुंद को 650 नग सोलर पंप का लक्ष्य आबंटित किया गया है जिसके विरूद्ध जिले में अब तक 231 सोलर पंप स्थापित किया जा चुका है। 3 एचपी क्षमता के सोलर पम्प स्थापना हेतु सामान्य वर्ग के लिए 18 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 12 हजार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 7-7 हजार रुपए लागत एवं हितग्राही अंश राशि का प्रावधान है। वहीं 5 एचपी पम्प स्थापना के लिए सामान्य वर्ग हितग्राहियों के लिए 20 हजार, अन्य पिछड़ा वर्ग 15 हजार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए 10 हजार रुपए अंशदान देना होता है। प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में एक रूपए प्रति वॉट की दर से अतिरिक्त देय होगा।

# स्कूलों के शेष बचे जीर्णोद्धार कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें:कलेक्टर

**राजनांदगांव 15 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में निर्माण कार्यों से संबंधित लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण सेतु सहित अन्य निर्माण विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है, उसे हर हाल में शुरू करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शासन द्वारा विभिन्न योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न निर्माण कार्यों के साथ ही सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्य जनता की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होती है, ऐसे में इन निर्माण कार्यों में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किए गए घोषणाओं और स्वीकृत कार्यों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किये गये घोषणाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए और जो कार्य अप्रारंभ है उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सेतु निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सहित अन्य निर्माण संबंधी विभागीय अधिकारियों को अपने अपने स्तर पर सतत निगरानी रखते हुए निर्माण कार्यों को पूर्ण करने कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता सहित निर्माण से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विकासखंड स्तर के सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर पंचायत सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

### जिला न्यायालय परिसर में प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ

**राजनांदगांव ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय व शासकीय जिला चिकित्सालय के सहयोग से जिला न्यायालय एडीआर परिसर राजनांदगांव में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आलोक कुमार द्वारा प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक के माध्यम से न्यायालयीन कार्यों में शामिल सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जाएगा। यह क्लीनिक एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा और जरूरत पडने पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगा। प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य जिला न्यायालय में आने वाले पक्षकारों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं अन्य आगन्तुकों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति से सुसज्जित है। यहां प्रशिक्षित चिकित्सा व नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध है, जो परिसर में आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता पडने पर सहायक सिद्ध होगी। क्लीनिक न्यायालय के प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी।इस अवसर पर जिला न्यायालय के न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर, न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्री थॉमस एक्का, विशेष न्यायाधीश, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक के गुप्ता, प्रथम, श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, श्री अभिषेक शर्मा, श्री देवाशीष ठाकुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती भावना डिफेंस कौंसिल एवं अन्य अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### डकैती की घटना में शामिल 1 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिलें में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना मद्देड़ एवं केरिपु 170 मिनकापल्ली की संयुक्त टीम कोत्तापल्ली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान कोत्तापल्ली से थाना मद्देड़ के माओवादी घटना में शामिल फरार आरोपी स्थाई वांरटी गोटे लक्ष्मी नारायण पिता कन्हैया ऊर्फ लक्ष्मैया निवासी कोतापल्ली थाना मद्देड़ को पकड़ा गया । उक्त आरोपी वर्ष 1999 में थाना मद्देड़ क्षेत्र में डकैती में मामले में संलग्न था, जिसके विरूद्ध थाना मद्देड़ में 03 स्थाई वारंट लंबित है । आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर स्थाई वारंटियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही में वर्ष 1999 की घटना में शामिल लम्बे समय से फरार स्थाई वांरटी की गिरफ्तारी में सफलता मिली । थाना मद्देड़ द्वारा वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

### छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**बीजापुर, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर में पहली बार सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्टोरेट बीजापुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के सचिव एवं सूचना आयुक्तों ने सूचना के अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों तथा अधिनियम के बारिकियों के साथ-साथ जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस कार्यशाला में राज्य सूचना आयुक्त श्री धनवेन्द्र जायसवाल, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एवं संयुक्त संचालक श्री संतोष मौर्य जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे ।ऑनलाईन माध्यम से ब्लाक कार्यालयों में सचिव एवं सरपंचों ने जुड़कर इस कार्यशाला का लाभ लिया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के सचिव श्री जीआर चुरेन्द्र ने सभाकक्ष में सभी को पोला पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आरटीआई के उद्देश्यों के सम्बध में विस्तृत जानकारी दी। सभी कार्यालयों में विभागीय जानकारी एवं दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखरखाव करने की समझाइस दी। सभी जिला अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने विभागीय जानकारियों का हर महीने एक बार समीक्षा करें। समय पर आवेदकों को सूचना प्रदान करने के साथ ही बरसात के पहले अभियान चलाकर अभिलेखों के रिकार्ड रखने की समझाइस दी। कार्यशाला में आयुक्तों ने अधिकारियों की शंकाओ का समाधान कर उनके प्रश्नों का जवाब दिया। राज्य सूचना आयुक्त श्री जायसवाल ने कहा कि सूचना का अधिकार सभी जनसमान्य के सुविधा केलिए है। जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पत्र स्पष्ट न होने पर निरस्त न करने एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को अपने कार्यालयों में जनसूचना अधिकारी का नेमप्लेट लगवाने, शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के बारे मे चर्चा की गई। राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी ने बताया कि आवेदक को आवेदन पत्र में उल्लेखित तिथि तक का ही जानकारी उपलब्ध कराई जाए । प्रथम अपीलीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने,अपना नाम और पद का उल्लेख अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए। कार्यशाला में संयुक्त संचालक श्री संतोष मौर्य ने अधिनियमों के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने राज्य सूचना आयोग के सचिव एवं सूचना आयुक्तों के कार्यशाला में अपनी बहुमूल्य उपस्थिति प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ

**बीजापुर, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ 11 सितम्बर 2023 को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत देश के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की पहचान कर उन्हें कौशल उन्नयन कार्यक्रमों के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण कराना, उनकी योग्यता विकसित करना तथा क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार / टूलकिट उपलब्ध करते हुए विश्वकर्मा प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र प्रदाय कर संपार्शिक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है।योजना के तहत प्रारंभिक 18 प्रकार के व्यापार जिसमें बढ़ई, नाव बनाने वाला, असकार, लोहार, लौहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, झाडू एवं पैरदान बनाने वाले, गुडिया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है।

योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, बैंक विवरण, राशन कार्ड के साथ आवेदक पंजीकरण तिथि को न्यूनतम आयु 18 वर्ष का हो, हितग्राही राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी स्वरोजगार अंतिम 5 वर्ष में ऋण न लिया हो। योजना में परिवार के किसी एक सदस्य को ही लाभ दिया जायेगा एवं सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे ।पीएम विश्वकर्मा योजना का पंजीकरण हेतु सीएससी के माध्यम से / पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल / मोबाईल एप पर आधार आथेंटिकेशन के माध्यम से किया जायेगा। पंजीकरण उपरांत कौशल विकास विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाकर 15 हजार रूपये का टूलकिट एवं डिजिटल लेनदेन के लिए इंसेंटिव और मार्केटिंग सुविधा दिया जायेगा तथा पंजीकृत हितग्राहियों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड तथा प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रथम चरण में 1 लाख एवं द्वितीय चरण में 2 लाख तक कोलाट्रल मुक्त ऋण 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर बैंक के माध्यम से प्रदाय किया जावेगा ।अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर और कार्यालय, कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

### विशेष ग्रामसभा में आवासहीन परिवारों का हो रहा चिन्हाकन



**बीजापुर, 15 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची के शेष हितग्राही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण आवास न्याय योजना लाई गई है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के आवासहीन परिवारों की पात्रता / आपात्रता का परीक्षण करने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 13 सितंबर से 15 सितंबर तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया ।कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्धारित तिथि में विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायतो में किया जाय।

ग्राम सभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं निर्णय एप्प में एंट्री समय सीमा में किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री रवि कुमार साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची के शेष हितग्राहियो एवं छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के आवासहीन परिवारों के पात्रता का निर्धारण ग्राम सभा में किया जाएगा।

## एक नजर

### नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर 16 सितम्बर को

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय आयुष शिविर का आयोजन पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बलौदाबाजार में 16 सितम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतो द्वारा बार-बार सर्दी, खांसी होना, नये पुराने वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलिया, पुराने टायफाईड, झिनझिनी वातरोग, गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने हेतु तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बिमारियों की चिकित्सा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए दावा आपत्ति 21 सितम्बर तक

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 3 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आंगनबाड़ी केन्द्र सरखोर क्र.-4 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केन्द्र सरखोर क्र.-2 में आंगनबाड़ी सहायिका एवं आंगनबाड़ी केन्द्र सरखोर क्र.-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद शामिल है। मूल्यांकन समिति के अनुमोदन पश्चात 21 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रात 10 से शाम 5.30 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन में अभ्यर्थी दावा आपत्ति कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सेजेस में वॉक- इन -इंटरव्यू से 123 पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार- भटापरा जिले में संचालित 15 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त 123 विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर चयन के लिए वाक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को संविदा नियुक्ति जिले में गठित संचालन समिति द्वारा निर्धारित एक मुश्त मानदेय पर दी जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाक- इन - इंटरव्यू 20 सितम्बर 2023 से पण्डित चक्रपाणि शुक्ल बहुउद्देशीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में शुरू होगा। पंजीयन प्रात: 9 से 11 बजे तक तथा दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार दोपहर 12 बजे से होगा। 20 सितम्बर को व्याख्याता सभी संवर्ग (हिंदी व संस्कृत विषय को छोड़कर), 22 सितम्बर को शिक्षक संवर्ग, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, 25 सितम्बर को सहायक शिक्षक संवर्ग, ग्रंथपाल, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, 26 सितम्बर को व्याख्याता हिंदी व संस्कृत, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला हेतु वॉक -इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# हिंदी सिर्फ हमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव का प्रतीक :कुलसचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 15 सितम्बर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के उद्देश्य से 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में कई भाषाएं और लिपियां हैं, लेकिन हिंदी भाषा भारत के सभी राज्यों को और विदेशों में बसे भारतीयों को आपस में जोड़ने का कार्य करती है।

अंग्रेजी भाषा के बढ़ते महत्व और हिंदी के प्रचलन में कमी को देखते हुए हिंदी दिवस मनाया जाता है, ताकि हिंदी की अनदेखी को रोका जा सके।आम बोलचाल में हिंदी भाषा का उपयोग कम होने लगा है, इसे बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को हिंदी के प्रति प्रेरित करने के लिए भी हिंदी दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना एवं छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि हिंदी दिवस सिर्फहमारी मातृभाषा ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। इस भाषा के अधिकाधिक प्रयोग से सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा मिलता है।

कला एवं मानविकी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ गरिमा दीवान ने स्वागत भाषण देते हुए हिंदी भाषा के महत्व को बताया तथा अपने हिंदी भाषा पर निजी जीवन अनुभवो को विस्तारित किया। तत्पश्चात् हिंदी के प्राध्यापक डॉ डायमंड साहू ने हिंदी भाषा की उत्पत्ति, इतिहास एवं इस भाषा के वैज्ञानिक पक्षों को उजागर किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने तथा जनमानस में हिंदी के प्रति सम्मान रखना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। इसी क्रम में अश्वनी साहू सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, मुकुल ठाकुर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, हर्ष यदु बीए तृतीय वर्ष का छात्र, रूपेश्वरी बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने भी अपनी-अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी दी। सरस्वती वंदना गीत एवं राजकीय गीत में बीए द्वितीय की छात्रा बिन्दु साहू एवं रूपेश्वरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम के अंत मे छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ संदीप साहू ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीतम साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कला एवं मानविकी संकाय के सभी प्राध्यापक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# ताराशिव रीपा में 34 लोगों का बनाया गया श्रम कार्ड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) ताराशिव, जनपद पंचायत तिल्दा ,जिला रायपुर अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा रीपा में कार्यरत उद्यमियों व हितग्राहियों को श्रम विभाग से शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने व जोखिम से बचाने श्रम कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने कैम्प का आयोजन 14 सितम्बर को रीपा ताराशिव में किया गया। जिसमे 34 उद्यमियो का श्रम कार्ड बनाया गया। रीपा ताराशिव में वर्तमान में संचालित सिलाई यूनिट में आस पास की 50 महिलाए रोज आकर सिलाई का कार्य करती है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Website:-www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID- Commissionerdhamtari@gmail.com,
Phone/Fax No. 07722-241599

**-::मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना::-**

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2023/9214 धमतरी, दिनांक 12/9/2023

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा समग्र शिक्षा मद योजना अंतर्गत विकासखंड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय समग्र शिक्षा, विकासखंड धमतरी के भवन का मरम्मत कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के भवन एवं सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.11.2021 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र ''ए'' में त्रि-लिफाफा पद्धति से मैनुअल निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 03.10.23 तक आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम धमतरी**


# धुर्राबांधा में भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर निकाली भोजली यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 15 सितम्बर।** ग्राम पंचायत धुर्राबांधा गांधी चौक युवा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कृष्ण भगवान की भव्य प्रतिमा बनाकर धूमधाम से पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापना किया गया। सात दिनों तक बड़े उत्साह उमंग के साथ भजन कीर्तन कर पूजा किया साथ ही जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम के विभिन्न स्थानों में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजली बुआई किया गया।

सात दिनों तक हर रोज शाम को भोजली गीत गाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर खूब सेवा किया जाता था, जिसे पोरा तिहार के दिन बाजे गाजे के साथ बड़े ही उत्साह उमंग से गांधी चौक से भगवान कृष्ण जी की मूर्ति रख कर जय कन्हैया लाल की मदन गोपाल की और नाम के जयकारे लगाते हुए ग्राम में शोभायात्रा निकाली कर ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों होते हुए, ढोल बजाते और नाचते गाते हुए विभिन्न स्थानों के भोजली को निकाल कर शोभायात्रा के साथ शामिल करते हैं, अन्य वर्षे की भांति कुछ फिकी रही ऐसा श्रद्धालुओं का कहना था। ग्राम के तालाब में विधि विधान से भगवान कृष्ण व राधा की प्रतिमा को लोगों ने नम आंखों से विदाई दी उसके बाद गांधी चौक में मटकी फोड़ का आयोजित किया गया। इस दौरान, कन्हैया वर्मा, रोहित वर्मा, तिहारू वर्मा, अशोक मुन्ना वर्मा, कामता वर्मा, कमलेश, सेवक, राजू गबर वर्मा, विनोद वर्मा, तेजराम वर्मा, कृपाराम वर्मा, रोहित वर्मा, प्रमोद वर्मा, कलेशर वर्मा, रामखिलावन, पवन वर्मा, हेमंत वर्मा, नंदकिशोर, रामप्रसाद, मालिक राम, दुर्गेश, सोनू, परमेश्वर, मुकेश, अजय, गणराज, नागेश्वर, राकेश, शिवा, छब्बी, टेकराम, पुरन, धनी, गैंदराम, नरशीग, सुरज, करण, रूबी, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व गांधी चौक युवा समिति सदस्यगण उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बलौदाबाजार, 15 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा की काउंसिलिंग 4 सितम्बर 2023 को किया गया था जिसका मेरिट सूची का प्रकाशन जिले की वेब साईट एच टी टी पी स्लेस बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है। आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 14 सितम्बर 2023 से 21 सितम्बर 2023 तक निर्धारित की गई है।


## //आम-सूचना //

**कार्यालय:- आदित्य स्वरूप गुप्ता, अधिवक्ता भगत सिंह चौक जी. ई. रोड, राजनांदगॉव (छत्तीसगढ़)**

मैं, अपने पक्षकार की ओर से जन-सामान्य को यह 'आम सूचना' देता हूँ कि, मेरे पक्षकार श्रीमती दीपमाला गणवीर पति मितेन कुमार गणवीर निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी है।

यह कि श्रीमती दीपमाला गणवीर पति मितेन कुमार गणवीर के भूमि स्वामी हक एवं स्वामित्व की भूमि ख.नं. 159/293 रकबा 0.014 हेक्टेयर स्थित प.ह.न 25 रा.नि.मं. व तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित है। यह कि सुरेन्द्र कुमार निर्मलकर काशीराम निर्मलकर जाति धोबी निवासी ग्राम बोईरडीह पो. शिकारी महका तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव के भूमि स्वामी हक के केदारबाड़ी वार्ड नं. 03 डोंगरगढ़ में खसरा नम्बर 159/83 का टु. रकबा 0.014 हेक्टेयर आवासीय संपत्ति स्थित थी जिसका मूल विकय पत्र दिनांक 06/12/2014 था, जो की लगभग एक माह पूर्व घर में साफ-सफाई के दौरान गुम हो गया है जिसे मैने बहुत खोजी परन्तु खोजने के बाद विक्रयपत्र मुझे कहीं नहीं मिला । इस संबंध में दिनांक 13/09/2023 को पुलिस थाना डोंगरगढ़ में असल विक्रय-पत्र गुम होने की रिपोर्ट की गई है। उपरोक्त संदर्भित विकय-पत्र मिलने पर मुझे मेरे मो. नं. 9770167899 पर मुझे सूचित करे।

यदि इस संपत्ती के स्वामित्व से संबधित किसी व्यक्ति का कोई हित दावा या उजर हो तो इस प्रकाशन के 07 दिन के अंतर्गत मेरे कार्यालय श्री राम निवास, भगत सिंह चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव में दस्तावेज के साथ मुझसे संपर्क करे। इस आम-सूचना की अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत किसी के भी द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा किया जाता है तो यह अप्रमाणित व असत्य माना जावेगा और अमान्य होगा।

**स्थान- डोंगरगढ़**
**दिनांक- 14/09/2023**

(आदित्य स्वरुप गुप्ता)
अधिवक्ता
Aditya S. Gupta
Bhagat Singh Chowk,
G.R. Road
RAJNANDGAON (C.G.)



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर

क्रमांक/पु.अ./बीजा.-एसी/1/निविदा/P-1877/2023, दिनांक 13/09/2023

**(द्वितीय निविदा आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से प्रपत्र ''अ'' में (प्रतिशत दर पर) उचित श्रेणी में छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छ.ग. गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफे पद्धति से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 13.09.2023
2. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि - 25.09.2023 के अपरान्ह 03.00 बजे।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त/खोलने की अंतिम तिथि - 03.10.2023 के अपरान्ह 04.00 बजे।

स्थान:- कार्यालय पुलिस अधीक्षक बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

**(1) प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 रूपये।**
**(2) कार्य पूर्ण करने की अवधि 02 माह वर्षा ऋतु को मिलाकर**
**(3) ठेकेदारों की श्रेणी-''डी'' वर्ग**

**निर्माण कार्य का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 |
| 1 | पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसेगढ़ कार्यालय सह निवास भवन निर्माण कार्य। | 2000000.00 | 15000.00 |

टीप:- कार्य से संबंधित नियम, शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**पुलिस अधीक्षक**
**बीजापुर**

जी-05327/3


# 38 पाव देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 15 सितम्बर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना सिमगा के मार्ग दर्शन में समस्त अधिकारी/कर्मचारी को थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले के विरूद्ध सक्त कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 14/09/2023 को थाना सिमगा के प्रधान आरक्षक 88 संतोष कुमार वर्मा, आरक्षक 704 किशोर मरकाम, आर.606 राजेंद्र ठाकुर के द्वारा टाउन पेट्रोलिंग दौरान जरिये मुखबिर सूचना पर आरोपी गंगाप्रसाद जांगडे पिता गणेश जांगडे उम्र 32 साल साकिन तोरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार को तिल्दा रोड ओव्हर ब्रिज के पास सिमगा में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बिक्री हेतु रखे मिला। जिसके कब्जे पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 38 पाव देशी मंदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्ब भरी हुई जुमला 6.840 बल्क लीटर कीमती 4180 रूपये रखे मिला जिसे गवाहो के समक्ष गिनती /बरामदगी कर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी गंगाप्रसाद जांगड़े के विरूद्ध अपराध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजन को दिया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 299/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, आरक्षक राजेंद्र ठाकुर, किशोर मरकाम का विशेष योगदान रहा।

# आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने के आरोपी पति को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 15 सितम्बर।** संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना सिमगा के मर्ग क्रमांक 43/23 धारा 174 जा फौ के मृतिका त्रिवेणी साहू पति रिंझन साहू उम्र 28 साल साकिन तुलसी की मर्ग जांच पर मृतिका का पी एम रिपोर्ट एवं गवाहो का कथनो के आधार पर मर्ग सदर की संपूर्ण जांच पर यह पाया गया कि मृतिका तारणी साहू की शादी वर्ष 2013 में रिझन साहू से सामाजिक रीतिरिवाज से हुई थी शादी के बाद मृतिका अपने ससुराल ग्राम तुलसी में अपने पति व बच्चों के साथ रह रही थी 7 अगस्त को मृतका तारणी साहू को उसका पति रिझन साहू शराब पीकर लडाई झगडा मारपीट किया व आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित किया जिसकी वजह से मृतका अपने घर मे रखे मिटटी तेल को अपने शरीर में डालकर आग लगा ली जिसकी ईलाज दौरान दिनांक 12.08.2022 को कालडा बर्न एण्ड प्लासिटक सर्जरी सेंटर पचपेडी नाका रायपुर हास्पीटल न्यू राजेन्द्र नगर में मृत्यु हो गयी मर्ग सदर की संपूर्ण जांच पर मृतिका तारणी साहू की मृत्यु उसके पति रीझन साहू द्वारा शराब पीकर लडाई झगडा कर मारपीट कर आत्महत्या करने के लिए दुष्प्रेरित करने से होना पाया गया आरोपी रिझन साहू द्वारा प्रथम दृष्टिया धारा 306 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से भादवि कायम कर घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो देने पर वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा आरोपी को पकड़कर तत्काल कानूनी कार्यवाही करने की आदेश पर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरीक्षक मंजूलता राठौर के मार्ग दर्शन में सउनि विष्णु टण्डन हमराह प्रआर.958 समीर शुक्ला आर.547 बब्बू साहू, आर.739 बब्बू साहू के द्वारा आरोपी के सकुनत पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी रिझन साहू को पकड़कर सुरक्षापूर्वक उनके परिजन को अवगत कराकर थाना लाया गया जहां आरोपी रिझन साहू से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 15 सितम्बर।** प्रार्थी द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी का ग्राम किरना में कपड़ा एवं सोना चांदी की दुकान है। दिनांक 02/06/2023 को प्रार्थी के मोबाईल नंबर पर 8260643316 के धारक का फोन आया जो जमीन की खुदाई से पुराना जेवर (सोना) प्राप्त हुआ जिसे बिक्री करना चाहता है बोलने पर प्रार्थी ने खरीदने से मना कर दिया फिर पुनः उसी नंबर के धारक ने दिनांक 08/06/2023 को फोन कर एक बार सामान चेक करके देख लो बोलने पर नीलकमल होटल के पास मिले जहां सोना दिखाने बोलने पर यहाँ कैमरा लगा है बाहर चलो बोलकर रेल्वे ओवरब्रिज साईडिंग तिल्दा में ले जाकर एक सोने का दानेदार हार दिखा जिसे प्रार्थी ने अपने अनुभव से चेक कर शुद्ध सोना होना पाया फिर दिनांक 10/06/2023 को शाम करीबन 05:30 बजे दूसरे मोबाईल नंबर 7205849781 के धारक ने पुनः फोन कर प्रार्थी को नीलकमल होटल के पास बुलाया था तब प्रार्थी अपने भाई के साथ आया तो 02 व्यक्ति मिले जिसमें से एक व्यक्ति अपना नाम भोला प्रजापति बताया।

ने अपना नाम नहीं बताया जो प्रार्थी को होटल से थोड़ी दूर ले जाकर फिर सोने का हार दिखाया जिसे प्रार्थी द्वारा चेक करने की बात बोलने पर बहस करने लगा कि खरीदना है तो खरीदो नहीं तो किसी और को बेच दूंगा प्रार्थी द्वारा खरीदने पर तैयार होकर 4,18,00/ रूपये दिये फिर वह लोग सोने की हार प्रार्थी को देकर 04 व्यक्ति 02 मोटर सायकल में बैठकर चले गये। प्रार्थी रेल्वे ओवर ब्रिज के सुनसान जगह में जाकर चेक किया तो दानेदार हार पीतल धातु का बना था, अज्ञात व्यक्तियों द्वारा असली सोने का हार दिखाकर नकली सोने का हार देकर ठगी करना उक्त चारो व्यक्तियों में से 02 व्यक्तियों को देखकर पहचान लेना बताने पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रकरण में पूर्व में आरोपीगण 01- सेवाराम सोलंकी पिता देवी दयाल सोलंकी उम्र 46 साल 02- हीरालाल यादव पिता कार्तिक यादव उम्र 26 साल 03- नारायण दास पिता शिवलाल दास उम्र 28 साल साकिनान साकिन वार्ड क0 21 चरौदा आदर्श नगर जयस्तंभ चौक के पास थाना भिलाई -3 जिला दुर्ग छ0ग0 को मेमो0 कथन लेखबद्ध कर गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।




## कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर
### जोन क्रमांक-07

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 38/जोन क्रं.-07/न.पा.नि./2023 रायपुर दिनांक 12/09/2023

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में लो.नि.वि. में प्रभावशील (भवन/सड़क) (SOR 01-01-2015) **लो.स्वा.यां. विभाग** में प्रभावशील (SOR 07.02.2013) एवं (SOR 01.06.2020) एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं **मूल एफ.डी.आर.** एवं **शपथ पत्र** के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

01 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि **दिनांक 03/10/2023 संध्या 5.30 बजे तक।**
02 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 06/10/2023 संध्या 4.00 बजे तक।**
03 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि **दिनांक 06/10/2023 संध्या 5.00 बजे तक।**

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा आमंत्रण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत सेन्ट्रल लायब्रेरी में पाईप लाईन इलेक्ट्रिशियन एवं वाटर कूलर लगाने का कार्य। | प्रथम | A | 697000 | 5500 | 750 | लो.नि.वि. में एकल पद्धति से 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार /फर्म | 60 दिन |
| 2 | शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23 अंतर्गत सेन्ट्रल लायब्रेरी में 4 सिटर महिला यूरिनल ब्लाक निर्माण कार्य। | प्रथम | A | 78000 | 2000 | 300 | | 60 दिन |
| 3 | तात्यापारा वार्ड क्र. 37 संतोषी मंदिर के पास पूर्व स्वीकृत सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | प्रथम | A | 500000 | 5000 | 750 | | 90 दिन |
| 4 | शहीद चुडामणी नायक वार्ड क्र. 38 अंतर्गत गंगाराम नगर में सेड निर्माण सी.सी. पेंच मरम्मत एवं नाली कवर करने का कार्य। | प्रथम | A | 100000 | 2000 | 300 | | 60 दिन |

**नियम एवं शर्ते :- (भाग 1)**

**01.** निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समय में प्रस्तुत करना होगा। **02.** निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। **03.** जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। **04.** GST **05.** GST RI. last 3 month **06.** ITR last 3 years **07.** Bank Solvency Certificate 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्ते :- (भाग 2)**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु **GST Reg.** तिथि के अनुसार **GST Return last Month** का देना होगा।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार **I.T.R.** एक साल का मान्य होगा।
3 निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक-07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

## एक नजर

### चौबे अपने बयान पर खेद व्यक्त करें : आहूजा



**रायपुर 15 सितंबर।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं नहर पारा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने कहा है कि मंत्री रविन्द्र चौबे अपने बयान कि 'सन 2018 में हारे प्रत्याशियों को इस बार टिकिट नहीं दी जाएगी' पर खेद व्यक्त करें। क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी कुमारी शैलजा ने चौबे के बयान का खंडन करते हुए कहा है कि ऐसा कोई प्रस्ताव पार्टी ने पास नहीं किया है जीतने योग्य चेहरे को टिकिट दी जाएगी। आहूजा ने कहा है कि चौबे भूल गए है कि सन 2013 में वे खुद चुनाव हार गए थे फिर सन 2018 में उनहें टिकिट दी गई। गुरूमुख सिंह होरा तो साजिश के तहत बागी प्रत्याशी खड़े करने के कारण मात्र 464 वोटों से हारे थे। आहूजा ने कहा है कि हर व्यक्ति को अपने अवगुण देखना चाहिए दूसरों की नहीं।

### फायदे वाले प्रॉडक्ट्स की बिक्री में वृद्धि

**रायपुर 15 सितंबर।** आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के गारंटीकृत बचत उत्पाद खंड (गारंटीड सेविंग्सआ प्रोडक्ट्स सेगमेंट) में वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2023 के बीच 158 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विकास में यह तेजी स्पष्ट रूप से उन उत्पादों के प्रति ग्राहकों की प्राथमिकता को उजागर करती है, जो तयशुदा लाभ प्रदान करते हैं।शेयर बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के कारण ग्राहकों की प्राथमिकता गारंटीशुदा लाभ देने वाले उत्पादों की ओर बढ़ी है। गारंटीकृत लाभ उत्पाद पूंजी की सुरक्षा प्रदान करते हैं और स्थिर रिटर्न प्रदान करते हैं। उत्पादों की यह श्रेणी वित्तीय स्थिरता और सेकेंडरी आय स्रोत बनाने का संभावित मार्ग प्रदान करती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनोद एच ने कहा, हमने देखा है कि बहुत से उपभोक्ता आय का वैकल्पिक स्रोत बनाना चाह रहे हैं।

### वेदांता ने किया शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर 15 सितंबर।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। वेदांता लिमिटेड, झारसुगुडा (ओडिशा) और छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित सहयोगी कंपनी बालको की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भविष्य के उज्ज्वल भारत को आकार प्रदान करने में उत्कृष्ट योगदान करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वेदांता लिमिटेड, झारसुगुडा और सर्बाहल राजकीय हाई स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारसुगुडा की जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा मिंज थीं। इस अवसर पर झारसुगुडा के विभिन्न स्कूलों के ऐसे 22 प्रधान पाठक विषिष्ट योगदान, समर्पण व प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित हुए जिनके विद्यार्थियों ने इस वर्ष एचएससी परीक्षाओं में ए1 ग्रेड हासिल किए।

### एल्यूमिनियम है भविष्य का धातु

**रायपुर 15 सितंबर।** वेदांता लिमिटेड की इकाई वेदांता एल्यूमिनियम भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक है। वित्तीय वर्ष 23 में 22.9 लाख टन उत्पादन के साथ कंपनी ने भारत के कुल एल्यूमिनियम का आधे से ज्यादा हिस्सा उत्पादित किया। यह मूल्य संवर्धित एल्यूमिनियम उत्पादों के मामले में अग्रणी है, इन उत्पादों का प्रयोग कई अहम उद्योगों में किया जाता है। वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम उद्योग में डाउ जोंस सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) 2022 में दूसरी वैश्विक रैंकिंग मिली है, जो इसकी सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रक्रियाओं का प्रमाण है। देश भर में अपने विश्वस्तरीय एल्यूमिनियम स्मेल्टर्स, एल्यूमिना रिफाइनरी और पावर प्लांट्स के साथ कंपनी हरित भविष्य के लिए विभिन्न कार्यों में एल्यूमिनियम के प्रयोग को बढ़ावा देने और इसे 'भविष्य की धातु' के रूप में पेश करने के अपने मिशन को पूरा करती है।

### डिजिटल कॉटेंट रचना की मांग

**रायपुर 15 सितंबर।** भारत, 7 सितंबर आज की दुनिया में विजुअल उत्कृष्टता एवं डिजिटल कॉटेंट रचना की मांग आसमान छू रही है। इससे और ज्यादा उन्नत प्रौद्योगिकियों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है जो समृद्ध कॉटेंट के उत्पान एवं खपत को समर्थन देते हैं। ग्राहकों, विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए तेज, भरोसेमंद टूल्स अनिवार्य हैं जो उनकी कल्पनाशीलता को प्रवाहमान बनाए रखें।

### होम शॉपिंग स्प्री की होगी शुरुआत

**रायपुर 15 सितंबर।** अमेजन पर बहुप्रतीक्षित होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने घर को खूबसूरत और जिंदगी को आरामदायक बनाएं। होम शॉपिंग स्प्री में आपको हिंदवेयर, हैवेल्स, यूरेका फोर्ब्स, स्लीपवेल, लिवप्योर, एचआईटी, जैगर स्मिथ, किम्बर्ली क्लार्क, बिल्डस्किल, बीएसबी होम जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर कई शानदार डील्स और ऑफर मिलेंगे। चाहे आप अपने बेडरूम को एक सुकून भरी जगह में बदलना चाहते हों या फिर बेहतरीन क्वालिटी के किचन प्रोडक्ट के साथ अपनी रसोई को नया रूप देना चाहते हों,अमेजन डॉट इन का यह खास शॉपिंग अनुभव खूबसूरती और सुविधा की एक बेहतरीन झलक पेश करता है।

# वर्षा से राजधानी तरबतर, नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा

■ **सेजबहार में पानी भरने से स्थिति गंभीर**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 15 सितम्बर।** प्रदेश में हो रही अनवरत वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। राजधानी से लगे सेजबहार पंचायत में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। वहीं धनेली नाले का भी जलस्तर बढ़ गया है। बिलासपुर और बेमेतरा के बीच सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गया है। राजस्व विभाग और कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार महानदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। राजिम के पास सोंढूर और पैरी नदी का पानी मिलने के कारण तटवर्ती क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है। इस समय रायपुर से गरियाबंद के बीच के मार्ग में एक बड़ा पुल बना दिया गया है जिसके कारण यातायात सुचारू ढंग से चल रहा है। मालेगांव के पास पानी भरा हुआ है। बस्तर की इंद्रावती नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिला प्रशासन काफी सतर्क हो गया है। सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम के अनुसार इस समय महानदी, हसदो, बांगो,



खारून एवं शिवनाथ का जलस्तर बढ़ने की प्रारंभिक सूचना आई है। एनडीआरएफ को सावधान कर दिया गया है। राजस्व विभाग के अनुसार राज्य में सभी स्थानों पर अच्छी वर्षा होने के कारण बरसाती नालों का भी जलस्तर बढ़ रहा है। राजस्व विभाग का कंट्रोल रूम सभी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। गंगरेल का भी जलस्तर बढ़ता जा रहा है।

### सेजबहार बस्ती में घुसा पानी

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला सेजबहार नगर पंचायत की बस्तियों में भारी वर्षा होने के कारण स्थिति काफी खराब है। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के अनुसार वे फिलहाल रायपुर से बाहर हैं। उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली है। शर्मा ने बताया कि यहां पर नई राजधानी सहित अन्य स्थानों का पानी आता है जिसके कारण यहां पानी भर जाता है। आसपास के नालों का पानी भी जमा हो जाता है। ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया है कि वे स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करें।

### भाठागांव नाले में भरा पानी

पार्षद सतनाम पनाग ने बताया कि भाठागांव में एक कच्चा नाला है। इसका जल स्तर निरंतर बढ़ते जा रहा है। यह पानी आसपास की बस्तियों में भरता जा रहा है। टिकरापारा तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थिति सामान्य है। नालों की सफाई का काम किया जा रहा है। जोन क्रमांक 10 के कमिश्नर दिनेश डहरिया ने बताया कि अमलीडीह के अंतर्गत आने वाले तालाबों का जलस्तर बढ़ रहा है लेकिन यहां पर स्थिति सामान्य है। नगर निगम की टीम निरंतर इस ओर ध्यान दे रही है। जोन क्रमांक 7 के कमिश्नर के अनुसार अग्रसेन चौक से लेकर समता कालोनी जाने के मार्ग में पानी भरता जा रहा है। इसे निकालने का काम चल रहा है। इसके अलावा कोटा, गोकुल नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी जलभराव की स्थिति निर्मित होती जा रही है।

### धनेली नाला में बाढ़ आने से किया गया रेस्क्यू

रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर धनेली नाला जो एक बरसाती नाला है यहां का भी जलस्तर बढ़ता जा रहा है। यहां लोगों को बाढ़ से बचाने का प्रयास किया गया। कई लोगों को यहां से निकाला गया है। इस क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं के अनुसार देवरानी-जेठानी नाले के अलावा अन्य नालों का भी जल स्तर बढ़ता जा रहा है। फिलहाल कंट्रोल रूम से कोई अप्रिय स्थिति होने की जानकारी नहीं मिली है। मौसम विभाग ने एक द्रोणिका एवं चक्रीय चक्रवात बनने के कारण वर्षा होने की चेतावनी दी है।

### गड्ढों से लोग परेशान

राजधानी में हो रही अनवरत वर्षा के कारण अमृत जल मिशन के लिए खोदे गए गड्ढों को समय पर नहीं भरे जाने के कारण स्थिति काफी खराब हो गई है। इस समय तात्यापारा से लेकर शारदा चौक तथा एमजी रोड के आसपास, सिंधीबाजार, लक्की भारत गैरेज, पुराना गुजराती स्कूल की गलियों में भी मरम्मत का काम चल रहा है। पानी भरने के कारण गड्ढे नहीं दिखते जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जवाहर नगर, चिकनी मंदिर, मालवीय रोड, गोलबाजार, प्रेसक्लब तथा पुराना मंत्रालय के पीछे की स्थिति और भी ज्यादा खराब है। पार्षद सतनाम पनाग का कहना है कि यह कार्य स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

# डेंगू के इलाज के नाम पर 77 लाख का फर्जीवाड़ा

## 25 अस्पतालों को नोटिस भेज मांगा गया जवाब

**रायपुर, 15 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में डेंगू के इलाज में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिसमें बुखार के 220 मरीजों को डेंगू पीड़ित बताकर भर्ती कर लिया गया था। उसके बाद आयुष्मान योजना के तहत 35-35 हजार के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग से 77 लाख का क्लेम मांगा गया।

पिछले महीने प्रदेश में वायरल फीवर फैला हुआ था तब शहर और आउटर के 25 से ज्यादा अस्पतालों में मरीजों को डेंगू पीड़ित बताकर भर्ती कर किया गया था। मरीजों को क्लेम देने के पहले स्वास्थ्य विभाग ने उन अस्पतालों से मरीजों की अलाइजा टेस्ट रिपोर्ट मांगी तब यह फर्जीवाड़ा सामने आया। स्वास्थ्य विभाग को किसी भी नर्सिंग होम के डाक्टरों ने रिपोर्ट नहीं दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच करवाई तो पता चला कि 220 में केवल 3 मरीजों का ही एलाइजा टेस्ट करवाया गया है।

उसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से 25 अस्पतालों को महामारी एक्ट के तहत नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस एक्ट के तहत गलत जानकारी देने या बीमारी को लेकर लापरवाही बरतने में एक माह तक की सजा का प्रावधान है। नोटिस में पूछा है कि उनकी ओर से मरीज को डेंगू की पुष्टि के लिए कौन सी जांच करवाई गई। शक है कि केवल क्लेम पाने के लिए साधारण बुखार के मरीजों को गलत जानकारी देकर भर्ती कर लिया गया।

गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की डेंगू को लेकर स्पष्ट गाइड लाइन है। उसके तहत एलाइजा टेस्ट के बिना किसी भी मरीज को डेंगू पीड़ि?त नहीं माना जा सकता। मरीज में डेंगू के ?लक्षण देखकर उसी गाइड लाइन से इलाज को शुरू करना है, लेकिन इसी दौरान वायरोलॉजी लैब में एलाइजा टेस्ट करवाना जरूरी है। प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालकों ने इसका पालन नहीं किया है।

# जी-20 में फायनेंस के फ्रेमवर्क पर होगी चर्चा

■ **18 व 19 सितम्बर को होने वाले सम्मेलन में 125 से अधिक प्रतिनिधि आएंगे**

**मुख्य नगर संवाददाता**




**रायपुर, 15 सितम्बर।** मुख्य सचिव राजधानी में होने वाली जी-20 की बैठक को सफल बनाने के लिए निरंतर बैठकें ले रहे हैं। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के विदेश मंत्रालय के अधिकारी शीघ्र यहां पहुंचेंगे।

मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार जी-20 के 20 राष्ट्र सदस्य हैं। इनके प्रमुखों का सम्मेलन हो चुका है। अब भारत की अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने के लिए अलग-अलग राज्यों में प्रतिनिधि जाएंगे। छत्तीसगढ़ में 18 व 19 सितम्बर को एक शिष्टमंडल आ रहा है। मुख्य सचिव के अनुसार इस सम्मेलन में वित्तीय स्थिति और इसके समायोजन के संबंध में मुख्य रूप के चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और विरासत के बारे में भी शिष्टमंडल को बताया जाएगा। बैठक में संस्कृति विभाग के संचालक आचार्य एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

यह सम्मेलन नई राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित किया जा रहा है। शिष्टमंडल को पुरखौती मुक्तांगन व सिरपुर ले जाया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। एसपी प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में अधिकारियों का एक दल सुरक्षा व्यवस्था को संभालेगा। राजधानी तथा इसके आसपास के क्षेत्रों को भी सजाया-संवारा गया है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 15 सितंबर।** रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के सामने ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में गुढियारी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विकाश नागेन्द्र 30 वर्ष उरला का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त स्वरूपदास के साथ बाइक से जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचटी 9107 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे विकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त स्वरूपदास को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

## चाकू की नोक पर ट्रक चालक से लूटपाट

**रायपुर, 15 सितंबर।** एयरपोर्ट रोड मंदिरहसौद में ट्रक को रोककर चाकू की नोक पर चालक व हेल्पर से मोबाइल व नकदी लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललित निषाद 25 वर्ष बनियातोरा धमतरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने हेल्पर प्रदीप साहू के साथ डम्फर क्रमांक सीजी 05 एजे 7709 से गिट्टी भरने जा रहा था। तभी एयरपोर्ट रोड मंदिरहसौद के पास आरोपी प्रदीप भारती अपने तीन अन्य साथियो के साथ आया और ट्रक को रोककर चाकू की नोक पर चालक व हेल्पर से मोबाइल व नकदी 2 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# नि:शुल्क विशाल स्वास्थ शिविर 24 को




**रायपुर 15 सितंबर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि 24सितंबर को सुबह 11 बजे से कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय सी.- 1, ई.ए.सी. कॉलोनी, केनाल रोड, आक्सीजोन गार्डन के पास, कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी जी के द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के पोस्टर का विमोचन किया गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त शिविर में शहर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं नि:शुल्क जांच किया जायेगा। जिसमे एम.डी मेडिसीन, हृदय रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, आदि रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर्स अपनी सेवांए देगें। बीएमडी (हड्डी गुणवत्ता) यूरिक एसिड, ब्लड शुगर एव बी.पी. की जांच की जायेगी। तथा दवाइयों का वितरण भी किया जायेगा। कैट ने स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के पोस्टर का विमोचन कर रायपुर के 100 से अधिक व्यापारी संगठनो को स्वास्थ शिविर में आंमत्रित किया जा रहा है।कैट के प्रदेश युवा ईकाई अध्यक्ष श्री अवनीत सिंह एवं प्रदेश महामंत्री श्री अमर धिगांनी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर द्वारा स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के तहत विशाल स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें ने व्यापारी बन्धुओ से अपील है, कि इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले और, अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराकर स्वस्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। कैट द्वारा आयोजित स्वास्थ व्यापारी - स्वस्थ व्यापार के पोस्टर विमोचन के समय कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप उपस्थित रहे - अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, भरत जैन, अवनीत सिंह, जयराम कुकरेजा, नरेश पाटनी, महेश खिलोसिया, महेन्द्र बागरोडिया, मोहन वर्ल्यानी, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, परविन्द्रर सिंह, अमित गुप्ता, समीर वैन्सीयानी, राकेश लालवानी, प्रकाश माखीजा, अमीत चौहान, मोनू सलूजा, जयदीप खनूजा, शैलेन्द्र शर्मा, हरसुख पटेल, सुशील लालवानी, नागेन्द्र तिवारी एवं रौनक पटेल, आदि।

# पोषण के प्रति जागरूक करने रैली निकाली



**रायपुर 15 सितंबर।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर पोषण के महत्व के प्रति जागरुकता के प्रसार के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए। समुदाय को साथ जोड़ने और इस पहल में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने जागरुकता प्रयासों को 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान से जोड़ा है। सामाजिक प्रभाव पैदा करने की दिषा में यह महत्वपूर्ण पहल है जो वेदांता दिल्ली हाफ मैराथॉन 2023 के आगामी आयोजन का हिस्सा है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान कंपनी ने 'रन फॉर ज़ीरो हंगर' अभियान के प्रोत्साहन के लिए झारसुगुडा (ओडिशा) के मेगा एल्यूमिनियम स्मेल्टर संयंत्र, लांजीगढ़ (ओडिशा) के विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी और छत्तीसगढ़ स्थित देष की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के परिसरों में अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए।

# 58 लाख की लागत से निर्मित भवनों का लोकार्पण

**रायपुर 15 सितंबर।** संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय, रायपुर पश्चिम विधानसभा के विकास में निरन्तर अग्रसर हैं। वे हमेशा अपनी जनता के प्रति पूरी निष्ठा एवं प्रयास से सहायता करते रहे हैं एवं उनकी मूलभूत आवश्यकताओं सहित क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। इसी के अनुरूप उन्होंने आज पश्चिम विधानसभा के विभिन्न वार्डो में 58.00 लाख रूपये की लागत से पूर्ण निर्मित भवनों का लोकार्पण किया। लोकार्पण स्थल पर पहले से ही क्षेत्रवासियों द्वारा अपने जनसेवक के स्वागत के लिये भव्य तैयारियाँ की जा चुकी थी, विधायक विकास जी के उक्त लोकार्पण समारोह में पहुँचते ही पुष्प वर्षा कर उनका



काफी उत्साह के साथ स्वागत-वंदन किया गया। विधायक विकास उपाध्याय ने आज विभिन्न वार्डो के अंतर्गत निम्नलिखित स्थानों में पूर्ण निर्मित भवनों का लोकार्पण किया। जिसमें वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 01 अन्तर्गत राम जानकी दरबार कल्याण समिति कार्यालय के पास हीरापुर के सामु. भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण (5.00 लाख रूपये की लागत से)। वार्ड क्रमांक 01 अन्तर्गत हीरापुर स्थित टेंगना तालाब के पास सामु. भवन में अतिरिक्त निर्माण का लोकार्पण (5.00 लाख रूपये की लागत से)। वार्ड क्रमांक 01 अन्तर्गत जरवाय जयस्तंभ चौक में रंगमंच निर्माण का लोकार्पण (5.00 लाख रूपये की लागत से)।

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 15 सितंबर।** जयस्तंभ चौक रवि भवन के पास एक युवक ने एक्टिवा सवार महिला का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता नामदेव 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा से जा रही थी, तभी रवि भवन के पास आरोपी रौनिक नामदेव 30 वर्ष ने प्रार्थिया का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23